दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 150
कोटद्वार बुधवार
27 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## उत्तराखंडः भाजपा के वरिष्ठ नेता पूरणचंद्र शर्मा का लंबी बीमारी के बाद निधन

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे पूरणचंद्र शर्मा का मंगलवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने अपने हल्द्वानी स्थित निवास पर अंतिम सांस ली।

## प्रेमी युगल ने उठाया खौफनाक कदम, हाथ बांधकर गंगनहर में लगाई छलांग

**रुड़की** । एक प्रेमी युगल ने प्लास्टिक के सेलोटेप से अपने हाथ बांधकर गंगनहर में छलांग लगा दी। दोनों को छलांग लगाता देख लोगों ने सूचना पास में ही स्थित जल पुलिस चौकी को दी। जल पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला।

युवती की हालत गंभीर देखते हुए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं, चर्चा है कि दोनों के परिजन शादी करने से इंकार कर रहे थे। इसी के चलते दोनों ने यह कदम उठाया है। मंगलवाार की दोपहर एक युवक और युवती सोलानी पार्क के पास पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार, यहां पर दोनों काफी देर तक बैठकर आपस में बाचतीत करते रहे। इस बीच दोनों ने एक साथ अपने-अपने दाएं हाथ सेलाटेप से बांध लिए और गंगनहर में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही जल पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला।युवती की हालत खराब होने पर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जबकि युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी मनोज मैनवाल ने बताया कि युवती रुड़की और युवक कासगंज लखनऊ का रहने वाला है। दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## महाराष्ट्र के जालना में बड़ा हादसा, पुल से नीचे गिरी यात्रियों से भरी बस, 25 घायल, 4 की हालत गंभीर

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के जालना जिले में छत्रपति संभाजी नगर-जालना राजमार्ग पर निजी बस के पुल से गिर जाने से करीब 25 यात्री घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार हादसा सोमवार देर रात उस वक्त हुआ जब पुणे से नागपुर की ओर जा रही बस बदनापुर के समीप अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गयी। बस में सवार 29 यात्रियों में से 25 घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तराखण्डी लोकगीतों में झूमा लंदन, सीएम धामी के स्वागत में भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

# प्रवासी उत्तराखण्ड के लोगों से आह्वान, साल में एक बार अपने प्रदेश अवश्य आयें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सोमवार को लंदन पहुंचने पर वहां मौजूद प्रवासी भारतीय एवं लंदन में रह रहे उत्तराखंड के निवासियों द्वारा भव्य रंगारंग स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। लंदन में रह रहे उत्तराखण्ड के प्रवासियों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी लोकगीतों पर मनमोहन प्रस्तुति दी गई। स्वागत कार्यक्रम में मौजूद समस्त प्रवासी भारतीय उत्तराखण्ड के पारंपरिक परिधानों में नजर आए।



लंदन में सीएम पुष्कर सिंह धामी के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए महिलाएं।



लंदन में सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रवासी उत्तराखंडियों के साथ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंदन में रह रहे समस्त प्रवासी उत्तराखण्ड के लोगों का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि "यह मेरा सौभाग्य है कि उत्तराखण्ड के मुख्य सेवक के रूप में मुझे इन्वेस्टर समिट की बैठक में शामिल होने के लिए लंदन आने का अवसर प्राप्त हुआ।

कहा कि लंदन में उत्तराखण्ड के लोगों की इतनी बड़ी भारी संख्या में उपस्थित देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि यूके में भी उत्तराखण्ड का छोटा यूके बसता है। कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि होने के साथ ही योग, आध्यात्मिक की भी भूमि है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी जड़े उत्तराखण्ड से जुड़ी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने समस्त प्रवासी उत्तराखण्डियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह साल में एक बार अपने प्रदेश उत्तराखण्ड जरूर आएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, हाल में ही चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण और चंद्रमा पर सेफ लैंडिंग इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा समेत समेत बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के निवासी एवं प्रवासी भारतीय मौजूद रहे।

# लंदन में पोमा ग्रुप के साथ किया 2 हजार करोड़ का एमओयू साइन

### उत्तराखण्ड में रोपवे निर्माण में तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा पोमा ग्रुप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंदन में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने लंदन के कई प्रमुख उद्योग घरानों से भेंट करते हुए उत्तराखण्ड में निवेश की सम्भावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री धामी की उपस्थिति में लंदन में पोमा ग्रुप के साथ 2 हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टर एमओयू साइन किया गया, राज्य सरकार की ओर से सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय ने एमओयू साइन किया। मुख्यमंत्री धामी ने सभी निवेशकों को आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु उत्तराखण्ड आने के लिए आमंत्रित भी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए उत्तराखण्ड में इको फ्रेंडली टूरिज्म के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

पोमा ग्रुप दुनियाभर में रोपवे निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी है। पोमा ग्रुप का उत्तराखण्ड में काम करने का बहुत पुराना अनुभव है। चमोली जिले के औली रोपवे में पोमा ग्रुप तकनीकी सहयोग प्रदान कर चुका है इसके अलावा वर्तमान पोमा रोपवे देहरादून-मसूरी रोपवे, एवं यमुनोत्री रोपवे प्रोजेक्ट्स में भी तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोमा ग्रुप द्वारा हरिद्वार समेत कई अन्य धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों में रोपवे के लिए तकनीकी सहयोग, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए निवेश की इच्छा जाहिर की गई। कहा कि प्रदेश सरकार का फोकस पर्यटन के साथ-साथ इकोलॉजी और इकोनॉमी पर भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश के लिए ऐसे रास्तों की तलाश कर रही है जिसमें विकास और पर्यावरण का संतुलन बना रहे।

ऐसे में रोपवे जैसे विकल्प उत्तराखण्ड में जहां एक ओर पर्यटकों को सुगमता प्रदान करेंगे वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की आजीविका के अवसर बढ़ने के साथ ही पर्यावरणीय दृष्टिकोंण से भी यह बेहतर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने लंदन में निवेशकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लंदन सर्विस सेक्टर का भी बड़ा केंद्र है, इसलिए यहां टूरिज्म, आईटी, हेल्थकेयर के क्षेत्र के बड़े निवेशक कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड एक पर्वतीय राज्य होने के कारण यहां की कृषि जलवायु भी अन्य राज्यों से भिन्न है।

आज के दौर में यूरोप से लेकर सभी देशों में ऑर्गेनेक उत्पादों की विशेष मांग हैं। उन्होंने कहा कि समिट के जरिए उत्तराखण्ड के उत्पादों को विदेशों में और प्रभावी रुप से पंहुचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दुनियाभर से निवेशक उत्तराखण्ड का रुख करें, ताकि यहां की औद्योगिक गतिविधियों को और रफ्तार मिल सके। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा समेत डेलीगेशन के अन्य सदस्य एवं इन्वेस्टर्स मौजूद रहे।

# भारत की घुड़सवारी टीम ने रचा इतिहास, 41 साल बाद जीता स्वर्ण पदक

**हांगझोउ, एजेंसी।** भारत के हृदय छेदा, अनुष अग्रवाल, दिव्यकृति सिंह और सुदीप्ति हजेला की ड्रेसेज टीम ने मंगलवार को एशियाई खेल घुड़सवारी में स्वर्ण पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज टोंगलू घुड़सवारी केंद्र में घुड़सवारी टीमों ने स्पर्धा की शुरुआत की, जहां सभी चार भारतीय घुड़सवारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अपने घोड़े एट्रो पर सवार अनुष अग्रवाल 71.088 अंक के स्कोर के साथ सबसे आगे रहे।



केमक्सप्रो एमराल्ड पर सवार हृदय छेदा 69.941 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि दिव्यकृति सिंह ने 68.176 अंक हासिल किए और घोड़े चिन्स्की के साथ सुदीप्ति हजेला ने 66.706 अंक अपने नाम किए।

भारतीय टीम के कुल स्कोर में सर्वश्रेष्ठ तीन स्कोर अनुष अग्रवाल झ 71.088, हृदय छेदा झ 69.941, दिव्यकृति सिंह- 68.176 का कुल जोड़ स्कोर 209.205 रहा और उसने स्वर्ण पदक जीता । वहीं चीन की हुआंग झुओकिन (68.176), राव जियायी (69.265) और लैन चाओ (67.441) को संयुक्त जोड़ 204.882 स्कोर रहा और उसे रजत पदक मिला। हांगकांग, चीन ने चान सामंथा ग्रेस (65.353), हो यूएन यान एनी (68.323) और सिउ जैकलीन विंग यिंग (71.176) का कुल जोड़ स्कोर 204.852 रहा और उसने कांस्य पदक जीता।

व्यक्तिगत रैंकिंग के अनुसार, अनुष अग्रवाल और हृदय छेदा सिउ जैकलीन विंग यिंग के बाद दिन के दूसरे और तीसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। सभी चार भारतीय घुड़सवार बुधवार को व्यक्तिगत ड्रेसेज इंटरमीडिएट 1 चरण में एक्शन में नज़र आएंगे। उल्लेखनीय है कि 1982 के बाद 41 साल बाद भारत को घुड़सवारी में स्वर्ण पदक मिला है।

## प्रधानमंत्री ने दी बधाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय घुड़सवारी टीम को बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, "यह अत्यंत गर्व की बात है कि कई दशकों के बाद, हमारी घुड़सवारी ड्रेसेज टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है!हृदय छेदा, अनुष अग्रवाल, सुदीप्ति हजेला और दिव्यकृत सिंह ने टीम के रूप में अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन किया है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारे देश को सम्मान दिलाया है।

## भाजपा को नहीं मिल रहे उम्मीदवार, 'डबल हार' की ओर है 'डबल इंजन' की सरकारः कमलनाथ

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी की गई प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा को लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे और 'डबल इंजन' की ये सरकार 'डबल हार' की ओर बढ़ रही है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, 'लिस्ट पर एक ही बात फिट है- नाम बड़े और दर्शन छोटे। भाजपा ने मप्र में अपने सांसदों को विधानसभा की टिकट देकर साबित कर दिया है कि भाजपा न तो 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत रही है, न 2024 के लोकसभा चुनाव में। इसका सीधा अर्थ ये हुआ कि वो ये मान चुकी है कि एक पार्टी के रूप में तो वो इतना बदनाम हो चुकी है कि चुनाव नहीं जीत रही है, तो फिर क्यों न तथाकथित बड़े नामों पर ही दांव लगाकर देखा जाए।'

### महिला आरक्षण विधेयकः श्रेय की लड़ाई में उतरे शरद पवार, बोले

# कांग्रेस और सहयोगियों ने पूरे दिल से किया समर्थन




**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद में महिला आरक्षण बिल का समर्थन पूरे दिल से किया था। उन्होंने एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से की गई टिप्पणी पर कहा कि शायद उन्हें इस बारे में सही ढंग से जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और केंद्र की पिछली कांग्रेस सरकारों ने ही महिला सशक्तीकरण के लिए कदम उठाए थे। इस दौरान पवार ने पीएम मोदी पर भी तंज कसा। पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में यह बयान दिया कि कांग्रेस और घमंडिया सहयोगियों ने बिल का समर्थन अनिच्छा से किया। लेकिन यह बात कतई सच नहीं है।

उन्होंने कहा कि 24 जून 1994 को महाराष्ट्र में उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने एक महिला नीति पेश की थी जो देश में इस तरह की पहली नीति थी। इसी तरह केंद्र की कांग्रेस सरकार 73वां संविधान संशोधन लेकर आई थी, जिससे स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ हुआ।उन्होंने आगे बताया, जब मैं रक्षा मंत्री था, तब थल सेना, नौसेना और वायुसेना में महिलाओं को 11 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। अहमदाबाद में उद्योगपति गौतम अडाणी के साथ मुलाकात को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में पवार ने कहा कि वह बारामती के एक व्यवसायी की

# अयोध्याः रामलला के दर्शन करने जा सकते हैं राहुल गांधी!

**लखनऊ , एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अयोध्या राम मंदिर के दर्शन करने के लिए आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार उनकी यात्रा की तैयारियां चल रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक व राजीव गांधी फाउंडेशन के सीईओ विजय महाजन ने स्थानीय कांग्रेस नेता के साथ राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी से इस बारे में मुलाकात की है। यह मुलाकात करीब एक सप्ताह पहले हुई है।

मुलाकात के दौरान राहुल गांधी के राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई। ऐसी खबरें हैं कि राहुल राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से



पहले भी आ सकते हैं और उसके बाद भी। रामलाल के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा दर्शन करने के लिए हर व्यक्ति को आने का अधिकार है। यदि राहुल गांधी रामलला के दर्शन करने के लिए आते हैं तो उनका स्वागत है। यदि राहुल गांधी राम मंदिर जाते हैं तो यह पहला मौका होगा जब वह अयोध्या मंदिर के दर्शन करने जाएंगे। मालूम हो कि मंदिर का निर्माण तेजी के साथ चल रहा है ।

# भारत विरोधियों पर शिकंजाः पहले संपत्तियों की कुर्की अब ओसीआई कार्ड रद्द करने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशों में बैठकर भारत के खिलाफ एजेंडा चलाने वालों के खिलाफ भारत ने कार्रवाई तेज कर दी है। बीते दिनों ही सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपत्ति जब्त की गई। अब कहा जा रहा है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों के विदेशी फंडों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही ओसीआई कार्ड भी रद्द किए जाएंगे। इसके रद्द हो जाने से कार्ड धारकों को मिलने वाली छूट भी खत्म हो जाएगी।

भारतीय एजेंसियों ने शनिवार को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पन्नू की चंडीगढ़ स्थित कोठी और अमृतसर स्थित जमीन को एनआईए ने कोर्ट के आदेशों के बाद अटैच कर दिया। पन्नू की संपत्ति पर यह कार्रवाई अमृतसर में दर्ज देशद्रोह के एक मामले को लेकर



की गई। गृह मंत्रालय ने पन्नू को आतंकी घोषित कर रखा है।

कनाडा में छिपे खालिस्तान समर्थक आतंकियों और पंजाब के गैंगस्टरों का नेटवर्क तोड़ने के लिए गैंगस्टरों-आतंकियों समेत उनके मददगारों के ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं। पंजाब पुलिस के साथ एनआईए समेत केंद्रीय एजेंसियां इस ऑपरेशन में शामिल हैं। एजेंसियों की निगाह उन लोगों पर भी है जो विदेश में छिपे आतंकियों और गैंगस्टरों की मदद कर रहे हैं। पुलिस ने ऐसे लोगों का रिकॉर्ड जुटा लिया है।

खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ अब इंटरपोल ने भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पाकिस्तान में छिपे आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक वह पाकिस्तान में छिपे आतंकी वाधवा सिंह और हरविंदर सिंह का करीबी है। यह उनके इशारे पर ही काम करता है। उसे दोनों आंतकियों का राइट हैंड माना जाता है। एनआईए ने कनाडा, यूके, यूएस और दुबई में छिपे 19 भगोड़े खालिस्तानी आतंकियों की एक सूची तैयार की गई है। पुराने दर्ज केसों में अब इनकी संपत्ति जब्त की जा सकती है। इसके लिए एनआईए की टीमें केसों की स्टडी में जुट गई हैं। जिन लोगों के नाम इस सूची में शामिल हैं, उन सब पर देश विरोधी गतिविधियों के आरोप हैं।

भारत सरकार एक दर्जन से अधिक ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड धारकों के पंजीकरण को रद्द करने की प्रक्रिया में है। यह कार्रवाई खालिस्तान समर्थक और देश विरोधी प्रचार में शामिल तत्वों के खिलाफ होने जा रही है। विदेश में बसे और वहां की नागरिकता ले चुके भारतीय लोगों के लिए एक खास तरह की सुविधा का नाम है ओसीआई कार्ड। ओसीआई को भारत के विदेशी नागरिक कार्ड भी कहा जाता है। अगस्त 2005 में भारतीय प्रवासी नागरिकों को शामिल करने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया था। दरअसल, दुनिया के कई देशों में दोहरी नागरिकता की सुविधा है, लेकिन भारतीय नागरिकता कानून के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति किसी और देश की नागरिकता ले लेता है तो उसे अपनी भारतीय नागरिकता छोड़नी पड़ती है, ऐसे लोगों की संख्या लाखों में है जो अमेरिका, ब्रिटेन या कनाडा जैसे देशों की नागरिकता ले चुके हैं लेकिन उनका भारत से जुड़ाव बना हुआ है।इन लोगों को भारत की नागरिकता छोड़ने के बाद भारत आने के लिए वीजा लेना पड़ता था। ऐसे ही लोगों की सुविधा का ख्याल करते हुए भारत सरकार ने प्रवासी भारतीय दिवस के मौके पर 2006 में ओसीआई कार्ड देने की घोषणा की।व्यक्ति या तो पहले भारत का नागरिक रहा हो, या उसके माता या पिता भारतीय नागरिक रहे हों। पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, अफगानिस्तान और ईरान कुछ ऐसे देश हैं, जहां के भारतीय मूल के लोगों को यह सुविधा नहीं मिल सकती।

# एसीएस अध्यक्षता में हुई बालश्रम से सम्बन्धित समीक्षा बैठक

देहरादून। एसीएस राधा रतूड़ी ने निराश्रित, बालश्रम से मुक्त बच्चों के तहसील स्तर पर अभियान चलाकर आधार कार्ड के साथ ही राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्रमिकों विशेषकर खनन क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए मोबाइल स्कूलों की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने जिलाधिकारियों को राज्य में बाल विवाह रोकने के लिए विद्यालयी शिक्षा विभाग की मदद से कक्षा 8 के बाद स्कूल ड्रॉप आउट करने वाली बालिकाओं के आंकड़े जुटाने के निर्देश भी दिए।



सचिवालय में बालश्रम से सम्बन्धित समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में बालश्रम रोकने व अनाथ बच्चों के कल्याण, अच्छी शिक्षा व परवरिश के लिए जिला स्तर पर विभिन्न समितियों के स्थान पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता के एक अम्ब्रेला कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं।

एसीएस राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को निराश्रित व बालश्रम से रिस्क्यू किये गये बच्चों की पुनर्वास के दौरान उनकी प्रगति की निरन्तर मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी जनपदों में ऑपरेशन मुक्ति के तहत रिस्क्यू किये गए बच्चों के डाटा को निर्धारित पैर्टन पर सीआईएसएस पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए।

एसीएस ने विशेषकर देहरादून क्षेत्र में बाल भिक्षावृति रोकने व बच्चों द्वारा ड्रग्स के प्रयोग को रोकने के लिए जॉइण्ट टास्क फोर्स गठन के निर्देश दिए ।

उन्होंने जनपदों में बाल विवाह रोकने के साथ ही बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं फण्ड के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा व अच्छी परवरिश को प्रोत्साहित करने की बात कही।

## सहकारी बैंक सभी सदस्यों को मुहैया करायेगा केसीसी कार्डः रावत

उत्तरकाशी। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड उत्तरकाशी की 54वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक सोमवार को विधिवत रूप से संपंन हुई। इस दौरान बैंक के अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत ने बैंक की आर्थिक स्थिति व क्रियाकलापों की जानकारी दी। कहा कि बैक की ओर से वर्ष 2023–24 के लिए शत–प्रतिशत सदस्यों को केसीसी कार्ड उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

जिला सहकारी बैंक लि. उत्तरकाशी की 54वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक जोशियाड़ा स्थित बैंक्विट हॉल में संपंन हुई। जिसका शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान और पुरोला दुर्गेश्वर लाल ने किया। इस मौके पर दोनों विधायकों ने बैंक को अग्रसर करने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# शिक्षाः उत्तराखंड के शिक्षक आज काली पट्टी बांध कर पढ़ाई कराएंगे

देहरादून। प्रदेश के माध्यमिक शिक्षक बुधवार को काली पट्टी बांध कर स्कूलों में पढ़ाई कराएंगे। राज्य सरकार पर शिक्षकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाया जाएगा। राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार के बाद दूसरे चरण में आठ अक्टूबर का देहरादून में सरकार जागरण रैली निकाली जाएगी। जिला मुख्यालयों पर शिक्षक विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। चौहान और संघ के प्रदेश महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली ने कहा कि सभी पदाधिकारी और शिक्षकों को आंदोलन की तैयारी को अंतिम रूप देने के निर्देश दे दिए गए हैं। कहा कि आंदोलन 30 अक्टूबर तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। तीस अक्टूबर को शिक्षा निदेशालय में धरने के दिन ही आगे की रणनीति की घोषणा कर दी जाएगी। चौहान और पैन्यूली का कहना है कि विभागीय अधिकारी लगातार शिक्षक के हित से जुड़े मामलों को लटका रहे हैं। विभागीय मंत्री, सचिव,डीजी आदि आला अफसरों शिक्षकों की मांगों से संबंधित विषयों की सही जानकारी नहीं दी जा रही है। इसकी वजह से तमाम मुद्दे वर्षों से अटके हैं।

पिछले महीने चार अगस्त को शिक्षा मंत्री ने कई मांगों पर कार्रवाई का वादा किया था, लेकिन अधिकारियों ने उन पर भी कई अड़चनें लगा दीं है। यात्रावकाश के आदेश पर वित्त विभाग ने ही आपत्ति लगा दी है। अब शिक्षक बर्दास्त नहीं करेंगे।

# राज्य में सड़कों के पैचवर्क (गडढा मुक्त) के लिए इस वर्ष 450 करोड़ रूपये जारी

देहरादून। अपर मुख्य सचिव मती राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में सड़कों के पैचवर्क (गडढा मुक्त) के लिए इस वर्ष 450 करोड़ रूपये जारी कर दिए गए हैं। गढ़वाल मण्डल के जिलाधिकारियों को भी एसीएस ने सड़कों को गडढा मुक्त करने के लिए 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक दो महीने का गहन अभियान चलाने की डेडलाइन दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में क्रैश बैरियर लगाए जाने को लेकर शासन स्तर पर कार्यवाही पूरी हो चुकी है। सड़क सुरक्षा के लिए इस वर्ष 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। एसीएस ने जिलाधिकारियों को इस सम्बन्ध



में जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एम्स ऋषिकेश में पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की सहायता व सुविधा के लिए हेल्प डेस्क तथा जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनाने में सहायता के लिए एम्स में भी विशेष हेल्प डेस्क बनाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।सचिवालय में समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव मती राधा रतूड़ी ने गढ़वाल मण्डल के जनपदों में चिकित्सा, पेयजल, शिक्षा, सड़कों व अन्य मूलभूत जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।डेंगू के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए एसीएस राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को जिलों में डेंगू कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही जन जागरूकता व स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए हैं।

## ऊर्जा के उपनल कर्मचारियों का आज से आंदोलन का ऐलान

देहरादून। समान काम का समान वेतन देने की मांग को लेकर उपनल कर्मचारी महासंघ ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। बुधवार से उपनल कर्मचारी ऊर्जा निगम और यूजेवीएनएल में सत्याग्रह शुरू करेंगे।महासंघ अध्यक्ष ललित मोहन नेगी और महामंत्री जयंती सिंह ने कहा की समान काम का समान वेतन देने की मांग को लेकर लगातार हीलाहवाली की जा रही है। श्रम न्यायालय और हाईकोर्ट की ओर से समान काम का समान वेतन देने के आदेश दिए जा चुके हैं। इसके बाद भी इन आदेशों को लागू नहीं किया जा रहा है। उल्टा सरकार और निगम मैनेजमेंट हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई है।

# नाटक में कमल संस्कृत विद्यालय की टीम रही प्रथम

उत्तरकाशी। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी देहरादून की ओर से आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिताओं के संस्कृत नाटक में कमल संस्कृत विद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही। कमल संस्कृत विद्यालय पुरोला में आयोजित दो दिवसीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता के पहले दिन संस्कृत नाटक, समूह गान, संस्कृत समूह नृत्य, संस्कृत वाद–विवाद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कृत समूह गान में कमल संस्कृत विद्यालय पुरोला, संस्कृत समूह नृत्य में राउमा कंडियाल गांव, संस्कृत वाद विवाद प्रतियोगिता में कमल संस्कृत विद्यालय तथा संस्कृत आशु भाषण में कमल संस्कृत विद्यालय पुरोला की टीम प्रथम स्थान पर रही। जबकि संस्कृत श्लोक उच्चारण में कमल संस्कृत विद्यालय प्रथम रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अजीत भंडारी व विद्यालय प्रबंधक शिव प्रसाद नौटियाल ने किया। इस मौके पर खंड संयोजक दयाराम उनियाल प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधे कृष्णा उनियाल ,पृथ्वीराज कपूर ,मोनिका नेगी, जय लाल शाह, शिवप्रसाद गैरोला,मनोज नौडियाल,अजय नौटियाल जयेन्द्र सिंह रावत,शैलेन्द्री असवाल,हेमलता सजवाण, आदि मौजूद थे । इधर राजकीय आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज चिन्यालीसौड़ में भी दो दिवसीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉकभर के 30 विद्यालयों की टीम ने प्रतिभा किया । कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष बीना बिष्ट ने किया।इस मौके पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शूरवीरसिंह रांगड़, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख जोतसिंह बिष्ट, अभिभावक संघ अध्यक्ष प्रमोद कुमार,जिला समन्वयक कृपाल सिंह चौहान,कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधानाचार्य रमेश कुमार कोहली, मार्गदर्शक खंड शिक्षा अधिकारी गब्बर सिंह नेगी, खंड संयोजक अरविंद कुमार नौटियाल, व्यायाम शिक्षक धनराज भंडारी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का चक्का जाम स्थगित

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संयोजक मंडल की ओर से मंगलवार को दून स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें नई बसों की खरीद, डग्गामार बसों के खिलाफ कार्रवाई समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में 27 सितंबर की मध्यरात्रि से प्रस्तावित चक्का जाम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। अब तीन अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। तीन अक्टूबर को आईएसबीटी देहरादून पर एक दिवसीय कार्यबहिष्कार, पांच अक्टूबर को हल्द्वानी बस स्टेशन व 6 अक्टूबर को टनकपुर कार्यशाला पर एक दिवसीय कार्यबहिष्कार करेंगे। दस अक्टूबर को परेड ग्राउंड से सचिवालय कूच और उसी दिन मध्यरात्रि से संपूर्ण कार्यबहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि अधिकारियों ने फोन पर वार्ता कर उन्हें मांगों को लेकर जल्द ठोस कदम उठाने का आश्वासन दियश दिया है।

### अनामिका जस्यारी ने नेशनल कराते चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

देहरादून। राज कराते अकादमी मसूरी की कराते खिलाड़ी अनामिका जस्यारी ने अंडर 21 आल इंडिया कराते चैंपियनशिप में कास्य पदक हासिल कर मसूरी का नाम रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर मसूरी वासियों में खुशी की लहर है। राज कराते अकादमी के निदेशक एवं उत्तराखंड रैफरी कमीशन के चेयरमैन हेमराज शर्मा ने बताया देहरूदन के परेड ग्राउंड इंडोर स्टेडियम में 21 से 24 सितंबर तक आयोजित ऑल इंडिया कराते चैपियन शिप में मसूरी के चार खिलाड़ियों ठाकुर अंश, अनामिका, जस्यारी, सोनम पंवार व आदित्य शर्मा का चयन नेशनल चैपियनशिप के लिए उत्तराखड की टीम में हुआ था, जिसमें अनामिका जस्यारी ने नेशनल में बेहतर कराते खेल का प्रदर्शन कर कास्य पदक हासिल किया है।

# विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ को अपनाने का दिया संदेश

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिये मिशन लाइफ को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें हरित कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देना होगा, जल की उपलब्धता के लिये पौधों का रोपण और पर्यावरण का संरक्षण करना होगा। हमारा पर्यावरण तभी स्वस्थ रह सकता है जब हमारी वायु शुद्ध हो, जल स्वच्छ हो और मृदा रसायन मुक्त, नमी युक्त और उपजाऊ हो।

स्वामी जी ने कहा कि आज अंतराष्ट्रीय परमाणु हथियार उन्मूलन दिवस भी है परमाणु हथियारों का उन्मूलन कर हम वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाने में योगदान प्रदान कर सकते हैं।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज वामन जयंती के अवसर पर कहा कि प्रभु की लीला अनंत है और उसी में से एक वामन अवतार है। वामन अवतार भगवान विष्णु जी का एक महत्त्वपूर्ण अवतार है। एक बार देवताओं के राजा इन्द्र भगवान को दैत्यराज बलि की योजना का भान हो गया था कि राजा बलि सौ यज्ञ पूरे करने के बाद स्वर्ग को प्राप्त करने में सक्षम हो जायेंगे। तब भगवान इन्द्र, विष्णु जी की शरण में जाते हैं। भगवान विष्णु उनकी सहायता करने का आश्वासन देते हैं और फिर भगवान विष्णु भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की द्वादशी के दिन माता अदिति के गर्भ से प्रकट हो अवतार लेते हैं तथा ब्रह्मचारी ब्राह्मण का रूप धारण करते हैं इस प्रकार वामन जी के अवतार के हमें दर्शन हुये।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि परमाणु हथियार उन्मूलन पर भारत ने सदैव से ही प्रतिबद्धता दिखायी है। परमाणु निशस्त्रीकरण और वैश्विक शांति, परमाणु निशस्त्रीकरण पर भारत की प्रतिबद्धता के विषय में पूरा विश्व जानता है। भारत ने हमेशा से ही सभी परमाणु हथियार धारक देशों के बीच भरोसा और आत्मविश्वास बनाए रखने हेतु सार्थक वार्ता स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। भारत परमाणु निशस्त्रीकरण और अप्रसार व्यवस्था को मजबूत करने के वैश्विक प्रयासों में एक महत्त्वपूर्ण भागीदार रहा है। भारत, हथियारों का उपयोग करने की पहल कभी भी नहीं करता है। भारत ने हमेशा से ही शान्ति बनाये रखने हेतु समझौते का रवैया अपनाया है इसी के कारण हम शान्ति के अग्रदूत भी हैं।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज की परमार्थ गंगा आरती के माध्यम से विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर विश्व स्तर पर जागरूकता हेतु संदेश दिया कि हमारे स्वास्थ्य का पर्यावरण के स्वास्थ्य के साथ प्रगाढ़ व अपरिवर्तनीय संबंध है।

## उत्तरकाशी पहुंचे मॉरीशस पीएम कार्यालय के स्थायी सचिव सत्यदानंद

उत्तरकाशी। मॉरीशस प्रधानमंत्री कार्यालय के स्थायी सचिव सत्यदानंद औजीत दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत उत्तरकाशी जनपद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उत्तरकाशी शहर के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में मत्था टेका। मंगलवार को विदेशी वीआईपी सुरक्षा प्रॉटोकॉल के बीच वह गंगोत्री धाम दर्शन के लिए रवाना हुए। तय भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार को स्थायी सचिव सत्यदानंद औजीत सपत्नीक उत्तरकाशी पहुंचे। पहली बार उत्तरकाशी पहुंचने पर सुबह सबसे पहले वह काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन को पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विश्वनाथ मंदिर में एकादश रूद्र आदि पूजा अर्चना की।

# पूर्व सैनिकों को उपनल से नौकरी का झांसा देकर ठगे 17 लाख

देहरादून। पूर्व सैनिकों को उपनल के जरिए नौकरी का झांसा देकर 17 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोपी महिला ने खुद को सचिवालय में कार्यरत होने और उपनल को अपने अधीन बताया। उसने झांसा देकर आठ पूर्व सैनिकों से यह रकम ठगी। काफी समय से आरोपी महिला गायब है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि पूर्व सैनिक राकेश चंद गुप्ता निवासी बड़ोवाला ने तहरीर दी। वह और उनके उनके परिचित पूर्व सैनिक साथी नवम्बर 2022 में पुष्पा शाह निवासी चूना भट्टा अधोईवाला के संपर्क में आए। महिला ने झांसा दिया कि वह बहुत बड़ी संस्था का संचालन करती है। खुद को सचिवालय में कार्यरत होते हुए बताया कि उपनल और कई सिक्योरिटी एजेंसियां उनके अधीन हैं। बताया कि सरकारी विभागों में ट्रांसपोर्ट के अनुबंध पर टैक्सी भी वह देते हैं। झांसा दिया कि सैनिक कल्याण मंत्रालय के अधीन होने के चलते वह रिटायर सैनिकों और उनके आश्रितों को रोजगार दिलाते हैं। इस झांसा देकर पूर्व सैनिकों को नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी महिला ने कुल 17.11 लाख रुपये लिए। कहा कि रकम देने के तीन महीने नौकरी मिल जाएगी। आरोप है कि पिछले साल रकम देने के बाद अब तक पूर्व सैनिक नौकरी के लिए चक्कर काट रहे हैं। आरोपी महिला काफी समय से अपना फोन बंद कर गायब हो गई है। आरोपी पुष्पा के लापता होने पर पूर्व सैनिकों ने पता किया तो सामने आया कि वह किसी सरकारी विभाग में कार्यरत नहीं है।

# राज्यपाल ने किया वुमेनोवेटर संस्था द्वारा आयोजित ''वुमेनोवेटर क्रिएटर्स फेस्ट–2023'' में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग








देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में वुमेनोवेटर संस्था द्वारा आयोजित ''वुमेनोवेटर क्रिएटर्स फेस्ट–2023'' में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न क्षेत्रों में देशभर की अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वुमेनोवेटर 10ङ फ़ेलोशिप प्रोग्राम को भी लांच किया। यह प्रोग्राम 200 से अधिक शहरों में विस्तारित है जिसमें प्रत्येक शहर में 100 महिलाओं को प्रशिक्षण, उनके प्रचार, ब्रांडिंग संसाधन और विकास के माध्यम से सशक्त महिला उद्यमियों का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से किया गया है।

वुमेनोवेटर, संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित एसडीजी के 5 लक्ष्यों के लिए समर्पित वैश्विक इनक्यूबेटर है। वुमेनोवेटर महिलाओं को अपने काम को प्रदर्शित करने और सामुदायिक सक्षमता और क्षमता–निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करता है। इसकी उपस्थिति 5 देशों सहित देश के 100 से अधिक शहरों में है।

राजभवन में आयोजित ''वुमेनोवेटर क्रिएटर्स फेस्ट–2023'' में 150 से अधिक सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों में महत्वपूर्ण प्रभावशाली महिलाओं ने प्रतिभाग किया जो विभिन्न क्षेत्रों में अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत रही हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी सम्मानित होने वाली महिलाओं को बधाई दी। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आप सभी नारी शक्ति ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर अन्य महिलाओं को प्रभावित किया है। आप सभी सफल महिलाओं ने अपने दृढ़ निश्चय से सफलता पायी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी के माध्यम से इन महिलाओं ने अपने आप को स्थापित किया है वह अनुकरणीय है। उन्होंने सभी महिलाओं को नेतृत्व की एक मिसाल बताया। राज्यपाल ने कहा कि समाज में मातृशक्ति की बड़ी भूमिका है। उस भूमिका का निर्वहन आप जैसी महिलाएं भली–भांति कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे परिवार का सबसे सशक्त सदस्य हैं और जो कहती हैं वह करती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी क्षेत्रों में इस प्रकार की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से हमारा देश विकसित और विश्व गुरु अवश्य बनेगा। राज्यपाल ने वुमेनोवेटर संस्था को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वुमेनोवेटर की संस्थापक तृप्ति सिंगल सोमानी ने फेस्ट की जानकारी दी और बताया कि तेजी से आगे बढ़ रही प्रौद्योगिकी की दुनिया में महत्व के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वुमेनोवेटर, अपनी परिवर्तनकारी पहल के साथ न केवल आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति को बढ़ावा दे रहा है बल्कि उन्हें आगे बढ़ने में भी मदद करेगा। इस अवसर पर वुमेनोवेटर के प्रतिष्ठित बोर्ड सदस्य डॉ. ब्लॉसम कोचर, ने महिलाओं को सशक्त बनाने के मूल्य पर जोर दिया और उनसे एक समृद्ध समुदाय के लिए अपनी रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना को अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर ट्विटर–इंडिया की पूर्व प्रमुख कनिका मित्तल, धैर्य गंगवानी, दीक्षा आनंद और अदिति शर्मा सहित अन्य प्रभावशाली महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

## ब्रिजकोर्स प्रशिक्षितों ने लगाई न्याय की गुहार

**कोटद्वार** : प्रदेश के ब्रिजकोर्स प्रशिक्षित बेसिक शिक्षक की भर्ती में शामिल होने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए प्रशिक्षितों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। प्रशिक्षितों का कहना है कि वह बेसिक शिक्षक की पूरी पात्रता रखते हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है। याचिककर्ता सुरेंद्र सिंह बोहरा ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अधिसूचना, राष्ट्रीय अध्यापक परिषद और आरटीई अधिसूचना के तहत बीएड ब्रिजकोर्स प्रशिक्षित योग्यताधारी 31 मार्च 2019 तक प्राथमिक शिक्षक की न्यूनतम अहर्ता पूर्ण कर चुके हैं। मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट में भी याचिका डाली दायर है। बीएड ब्रिजकोर्स प्रशिक्षित बेरोजगार संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न राज्यों से ब्रिजकोर्स प्रशिक्षितों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें उत्तराखंड से 74 याचिकाकर्ता समेत कुल 160 याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई है। देश भर में एक लाख से अधिक ब्रिजकोर्स प्रशिक्षित हैं।

## आशा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, पीएम व सीएम से लगाई गुहार

**पौड़ी** : आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन व आशा फैसिलिटेर एवं कार्यकर्ता संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकालर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द ही समस्याओं का निराकरण करने की मांग की। कहा कि वह काफी समय से मांगों को उठा रही है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे आशा कार्यकर्ताओं में रोष पनप रहा है। मंगलवार को आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन व आशा फैसिलिटेर एवं कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान से डीएम कार्यालय तक रैली निकाली। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे लंबे समय से समस्याएं हल करने की मांग कर रहे है लेकिन सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। आशा कार्यकर्ताओं को राज्य कर्मचारी घोषित करने, निःशुल्क बीमा करवाने, आशा फैसिलिटेरो को 24 हजार मानदेय देने, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, सर्दी के मौसम में गर्म वर्दी प्रदान करने, आशा कार्यकर्ताओं को 18 हजार मानदेय देने, वाहन प्रति पूर्ति भत्ता देने की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सावित्री, अंजना, संजू रावत, संगीता बिष्ट, सुनीता, पिंकी, अनीता भंडारी, यशोदा, दीपिका भट्ट आदि मौजूद रहे।

## संस्कृत प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**पौड़ी** : उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा संस्कृत भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए विभिन्न संस्कृत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी में प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र जुयाल, सुयश, मुकेश बिष्ट आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिताओं में ब्लाक के सभी स्कूल, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय रघुनाथ परिसर देवप्रयाग, नाहसैण आदि स्कूलों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के खंड संयोजक विष्वक्सेन, स्कूल के प्रधानाचार्य अनसुया प्रसाद, नवीन जुयाल ने बताया किसंस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए अकादमी का यह सराहनीय प्रयास है। इससे एक संस्कृतमय वातावरण तैयार होता है और छात्रों में संस्कृत के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होती है। आचार्य नवीन ममगांई ने बताया कि पूरा परिसर संस्कृतमय बना रहा। इस मौके पर कोमल, आरएस नेगी, सुमेर चंद्र, दिलीप कुमार, प्रभा शाह, रीना मुयाल, अनूप कुकरेती आदि मौजूद रहे।

# देववाणी संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी

## समूह नृत्य में राकंइका दुगड्डा, समूह गान में सविमंइंका जानकी नगर ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में ब्लॉक स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समूह नृत्य वरिष्ठ वर्ग में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दुगड्डा ने प्रथम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलालघाटी ने द्वितीय एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि समूह गान प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में सविमंइंका जानकी नगर, राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार, राबाइका कलालघाटी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रो. डॉ. दिवाकर बेबनी ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देववाणी संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी है। वेद, पुराण, उपनिषद सहित संपूर्ण संस्कृत साहित्य हमारे देश की समृद्ध विरासत को प्रतिबिंदत करता है।

कहा कि आम जन को संस्कृत साहित्य का गहराई पूर्वक अध्ययन करना चाहिए और नई पीढ़ी को संस्कृत को आत्मसात करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी के असिस्टेंट प्रो. डॉ. अनुराग शर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक पैमाने पर कार्य किए जाने की जरूरत है। उन्होंने संस्कृत को रोजगार से जोड़ने की अपील की। पीटीए अध्यक्ष ने उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में संस्कृत सीखने और दैनिक प्रयोग में अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। राइका कोटद्वार के प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि संस्कृत देश और भारतीय ज्ञान पंरपरा की पहचान है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक कुलदीप मैंदोला ने किया। इस अवसर पर जिला संयोजक रोशन गौड़, रमाकांत कुकरेती, मनोज कुकरेती, आशीर्ष खर्कवाल, डॉ. पदमेश बुड़ाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान, कांतिबल्लभ शास्त्री, किशोर बिडालिया, शोभा तिवारी, अशोक काला, देवेंद्र रावत, सीतांशु खुगशाल, शशि भूषण अमोली, पूनम पांथरी, डॉ. मंजू कपरवाण, गणेश केष्टवाल आदि मौजूद थे।



राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देती हुई छात्राएं।

## बच्चों की देखभाल अच्छी तरह से करें : राणा

**कोटद्वार** : विकासखण्ड द्वारीखाल के सभागार में बाल विकास द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है, हमें शुरू से ही अपने बच्चो की देखरेख अच्छी प्रकार से करनी चाहिए। कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चो, धात्री महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, नवजात बच्चों का हर माह परीक्षण किया जाना चाहिए। इसमें स्वास्थ विभाग के चिकित्सक, एएनएम, आशा कार्यकत्रियों का सहयोग भी लिया जाए।

मुख्य अतिथि प्रमुख महेंद्र राणा, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति अरोड़ा ने राष्ट्रीय पोषण अभियान के अन्तर्गत कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चों धाती महिलाओं, जन्में बच्चों का अन्न प्रासन, गोद भराई कार्यक्रम बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख महेन्द्र राणा द्वारा 04 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, 04 अतिकुपोषित बच्चों को पोषण किट, 06 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई कार्यक्रम एवं 06 माह से कम 04 बच्चों को अन्नप्रासन करवाया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी विद्यादत्त रतूड़ी, डॉ. शिखा नेगी, डॉ. अभिलाश धारीवाल, डॉ. संदीप सिंह, बाल विकास परियोजना सुपरवाईजर अर्चना भारद्वाज, आंगनवाडी संगठन अध्यक्ष गीता चौधरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमोहन सिह नेगी, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिह नेगी, विधायक प्रतिनिधि/प्रधान विकास बिंजोला, गुणपाल सिंह नेगी, संजीव जुयाल, धर्मेन्द्र बिष्ट, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रधान स्यालना संजीता देवी, प्रधान ढौंरी सरिता देवी, प्रधान जसपुर रूपचन्द्र जखमोला समेत आंगनवाडी कार्यकत्री, सहायिका उपस्थित रही।

## मौन पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सुमति फाउंडेशन की ओर से नेशनल बी बोर्ड कृषि मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। साथ ही मौन पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने की अपील की।

सेमीनार में मौन विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र सिंह सैनी ने वैज्ञानिक तरीके से मौन पालन करने से (जलोटों में बॉक्स) किस तरह से शहद के उत्पादन बढ़ाने एवं एक जलोटे से दो जलोटें बनाने की जानकारी दी। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के गोपी चन्द ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौन योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत अनुदान पर मौन बॉक्स दिए जाते है। ताकि अधिक से अधिक किसानों तथा बेरोजगार युवाओं को इस योजना से जोड़ा जा सके। यह योजना अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को मधुमक्खी पालन से जोड़ेगी और शहद उत्पादन बढ़ाएगी। कृषि विभाग के सुभाष चन्द चौहान ने कृषि विभाग द्वारा मौन पालन विकास की योजनाओं के बारे में बताया। सेमीनार में 75 महिला/पुरूषों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। सेमीनार में 203 महिला/पुरूषों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर रिटायर सूबेदार मेजर गोविन्द सिंह, विक्रम सिंह गुसांई, विनोद कुमार गुसांई, साक्षी, मुकेश घिल्डियाल, डॉ. प्रियंका, चमन सिंह आदि मौजूद थे।

## ग्रामीण परिवेश के मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर चर्चा की

**श्रीनगर गढ़वाल** : डायट चड़ीगांव में दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस ऑन एप्रोचेज टुवर्ड्स चाइल्ड एंड एडोलेसेंस साइकोलॉजी फॉर इफेक्टिव लर्निंग कार्यशाला शुरू हो गई है। कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रांतों के शोधकर्ता प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मौके पर वह अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे तथा जनपद के 30 शिक्षक-शिक्षिकाएं इस पर मॉडयूल का निर्माण करेंगे। कार्यशाला के शुभारंभ पर डीएलएड प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत एवं वंदना की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय गढ़वाल विवि की शिक्षा विभाग की एचओडी प्रो. रमा मैखुरी ने बाल मनोविज्ञान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यशाला का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विवि के साइकोलॉजी विभाग की एचओडी प्रो. मंजू खंडूड़ी ने जीवन पर मनोविज्ञान के प्रभाव को विस्तार से समझाया। साथ ही शिक्षाविद डॉ. अरुण कुकशाल ने ग्रामीण परिवेश के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की चर्चा की। अपर निदेशक प्रारंभिक शिक्षा बीएस रावत ने विद्यालय में मनोविज्ञान तथा किशोरावस्था पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में बताया। डायट के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एमएस कलेठा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एनपी उनियाल ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. डीएस लिंगवाल, जितेंद्र राणा, विनय किमोठी, संगीता डोभाल, नीलिमा शर्मा, शकुंतला कंडारी, शालिनी भट्ट, जेएस कठैत, डॉ. एसके भारद्वाज, विमल आदि मौजूद रहे। संचालन शिवानी रावत, डॉ. प्रमोद नौडियाल ने संयुक्त रूप से किया। (एजेंसी)

### झील में मिला अज्ञात शव

श्रीनगर गढ़वाल : जीवीके परियोजना की झील से एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। जिसकी जानकारी जीवीके के साइट मैनेजर उमेश नौटियाल ने कीर्तिनगर पुलिस को दी। मौके पर चौरास चौकी प्रभारी सत्येन्द्र सिंह भंडारी के नेतृत्व में पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने शव को झील से निकाला। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलमोहन भंडारी ने बताया कि अज्ञात शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव शिनाख्त के लिए मेडिकल कालेज श्रीनगर के शवगृह में रखा गया है। शव की पहचान करने के लिए आसपास के थानों में फोटो पहचान के लिए भेज दिया है। (एजेंसी)

## कलियासौड़ के गांवों को पंपिंग योजना से जोड़ने की मांग

**पौड़ी** : ग्राम पंचायत कलियासौड़ के ग्रामो को विडोलस्यूं पंम्पिंग योजना में सम्मिलित कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। ग्राम प्रधान ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही ग्राम पंचायत कलियासौड़ के ग्रामो को विडोलस्यूं पंम्पिंग योजना से जोड़ने की मांग की। उन्होंने उक्त योजना में ग्राम पंचायत के गांवों को शामिल न करने पर योजना के विरोध के चेतावनी दी है।

ग्राम प्रधान सावित्री देवी, जगदंबा प्रसाद पांडेय, आशा देवी ने सोमवार को डीएम कार्यालय में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कलियासौड़ के ग्राम ढामक में विडोलस्यू पम्पिंग योजना का निर्माण कार्य अधिशासी अभियंता पेयजल निर्माण शाखा श्रीनगर द्वारा किया जा रहा है और ग्राम सभा के खेत, भूमि से पेयजल पाईप बिछाई जा रही है लेकिन इस योजना से हमारी ग्राम सभा के राजस्व ग्रामों को सम्मिलित नहीं किया गया है। कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों के ग्रामो को जल जीवन मिशन से जो पेयजल आपूर्ति की जा रही है वह ग्रामीणों के लिए पर्याप्त नहीं है। पानी सुचारू रूप से नहीं आ रहा है और वर्तमान में जगह-जगह से पाईप लाइन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। जिससे पर्यटक स्थल धारी देवी मन्दिर के दर्शनार्थियों हेतु पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रही है। यदि ग्राम सभा के राजस्व ग्रामों को उक्त दोनों पेयजल योजना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा तो ग्रामीण अपने ग्राम की सीमा व खेतों से बिडोलस्यू पाईप लाईन नहीं बिछाने देगी व पंपिंग कार्य स्थल पर धरना देकर उक्त योजना का विरोध करेगें। उन्होंने जल्द ही ग्रामों को विडोलस्यूं पंम्पिंग योजना में सम्मिलित कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने की मांग उठाई है।

# मुआवजा प्रकरण से संबंधित मामलों में सतर्कता बरतने की जरूरत : बीके बिष्ट

## जनपद पौड़ी, टिहरी, चमोली व रूद्रप्रयाग के 29 मामलों की हुई सुनवाई , 11 वादों का मौके पर ही किया निस्तारण, 18 वादों के निस्तारण के दिए निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद के विकास भवन सभागार में मंगलवार को उत्तराखंड मानव अधिकार आयोग द्वारा न्यायमूर्ति बी0के0 बिष्ट अध्यक्ष, उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग की अध्यक्षता में मानवाधिकार संरक्षण एवं सुशासन के संवेदनीकरण पर परिवादों की सुनवाई की गयी।

दो दिवसीय सुनवाई में मंगलवार को जनपद पौड़ी, टिहरी, चमोली व रूद्रप्रयाग जनपदों के कुल 29 मामलों की सुनवाई की गयी, जिसमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि 18 शिकायातों को जिलाधिकारी के माध्यम से संबंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। मंगलवार को अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोनिवि दुगड्डा, जिलाधिकारी व वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कार्यालय पौड़ी, चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिखणीखाल, वरिष्ट पुलिस अधीक्षक पौड़ी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोनिवि बैंजरों, अधिशासी अभियंता अनुरक्षण खंड जल संस्थान पौड़ी, 12वां वृत्त लोनिवि पौड़ी, अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा पौड़ी, मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी, जिलाधिकारी कार्यालय टिहरी गढ़वाल, लोनिवि विभाग टिहरी, वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कार्यालय टिहरी, जिलाधिकारी कार्यालय चमोली, पुलिस अधीक्षक चमोली, अधिशासी अभियंता लोनिवि चमोली, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोनिवि थराली, पुलिस अधीक्षक कार्यालय रूद्रप्रयाग और जिलाधिकारी कार्यालय रूद्रप्रयाग के कुल 29 मामलों की सुनवाई की गयी। 27 सितम्बर को कुल 39 मामलों की सुनवाई की जायेगी।

इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न प्रकार के मुआवजा प्रकरण से संबंधित मामलों में बहुत ही सतर्कता बरतने की जरूरत है।

ऐसे मामलों का धरातल पर ठीक तरह से सत्यापन करके ही मुआवजा संबंधित मामलों का निस्तारण करना चाहिए, ताकि इसमें किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा ना हो पाये और सरकार परअनावश्यक रूप से वित्तीय बोझ ना पड़े। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकार से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मुआवजा लेने की प्रवृत्ति बढ़ी है और इसमें लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इसलिए ऐसे प्रकरणों में बहुत पारदर्शिता और जमीनी स्तर पर बारिकी से सत्यापन करने के पश्चात ही आगे बढ़ा जाय, ताकि सरकार के वित्तीय



संसाधनों का राष्ट्र हित में अधिक से अधिक सद्पयोग हो सके और सरकारों से फ्री की स्कीम लेने की होड़ पर लगाम लग सके। क्योंकि देश के संसाधनों को उन जगहों पर लगाना चाहिए जहां से राष्ट्र का और अधिक जनमानस का भला हो सके। इस मौके पर उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के अन्य सदस्य गिरधर सिंह धर्मशक्तू और राम सिंह मीना समेत सचिव उत्तराखंड शासन हरि चंद्र सेमवाल, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ट पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, अनुसचिव उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग रजिन्द्र सिंह झिंक्वाण सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

## देवप्रयाग विधानसभा में बनेंगे दो इंडोर स्टेडियम : कंडारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी के नेतृत्व में भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण पर गए विधानसभा के हाईस्कूल टॉपरों के दल में शामिल छात्र-छात्राओं ने दिल्ली में केंद्रीय खेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को अपना जीवन लक्ष्य स्वयं तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उनके अनुरोध पर विधानसभा देवप्रयाग के लिए दो इंडोर स्टेडियम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इनमें से एक स्टेडियम कीर्तिनगर ब्लॉक व एक देवप्रयाग ब्लॉक में बनाया जाएगा।

## छात्र हित में समस्याओं का समाधान करें विवि

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर छात्रसंघ उपाध्यक्ष रोबिन सिंह असवाल के नेतृत्व में आइसा छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छात्र हित में विभिन्न समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

उपाध्यक्ष असवाल ने कहा कि नवीन सत्र शुरू हुए काफी समय हो गया है, लेकिन कई कक्षाएं एवं प्रयोगात्मक कक्षाएं अभी तक सुचारू रूप से नहीं चल रही हैं। जिस कारण से छात्रों को पठन-पाठन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा जो छात्र पूर्व से ही विवि में अध्ययनरत हैं वे नए सत्र का प्रवेश शुल्क एवं फॉर्म नहीं भर पाए हैं, जिस कारण से उनका आईडी कार्ड एवं लाइब्रेरी कार्ड नहीं बन पाया है। उन्होंने अध्ययनरत छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए ऑनलाइन पोर्टल खुलवाने व नए छात्रों के लिए एनईपी ओरिएंटेशन प्रोग्राम संचालित करने की मांग भी की। ज्ञापन देने वालों में प्रियंका खत्री, समरवीर रावत, आशुतोष नेगी, राजीव आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# स्वास्थ्य मंत्री ने श्रीनगर में भर्ती डेंगू मरीजों का जाना हाल-चाल

## स्वास्थ्य विभाग को बेहतर उपचार देने के दिए निर्देश

**पौड़ी** : उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करतें हुए योजनाओं का लोकापर्ण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर रूप से विकास कार्य कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज श्रीनगर का निरीक्षण करते हुए वहां भर्ती डेंगू मरीजों का हाल-चाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों व संबंधित अधिकारियों को डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री ने विद्या मंदिर श्रीकोट में संस्कृत छात्र प्रतियोगिता के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि संस्कृति के साथ-साथ संस्कृत को बचाकर रखना भी हमारा लक्ष्य होना चाहिए। कहा कि यह भाषा हमें हमारे पूर्वजों से विरासत में मिली है, इसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष्मान भवः अभियान के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक, श्रीनगर में आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए रक्तदान करने पहुंचे लोगों को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद किया व उन्हें सम्मानित भी किया गया। मंत्री ने विकासखंड सिर्खू के बलोड़ी गांव स्थित वृद्धाश्रम की सड़क के डामरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस कार्य से आम लोगों को सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा उन्होंने राजकीय महाविद्यालय खिर्सू में आयुष्मान भवः अभियान के तहत किए गए रक्तदान शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सभी रक्तदाताओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे कार्यक्रमों में लोगों को प्रतिभाग करना चाहिए, जिससे जरूरतमंद लोगों को रक्त की कमी ना हो।

### दूरस्थ क्षेत्रों को विकसित और अग्रणी बनाना सरकार का कर्तव्य

पौड़ी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय इंटर कॉलेज खिर्सू में नवनिर्मित भौतिक प्रयोगशाला का विधिवत लोकार्पण किया। कहा कि दूरस्थ गांवों के बच्चों को हर प्रकार की शिक्षा देने के साथ-साथ राज्य सरकार उन्हें विद्यालयों में सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं प्रदान कराने के लिए तत्पर है। इसके बाद मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिर्सू के नवनिर्मित अतिथि गृह के मरम्मत व सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण व महाविद्यालय खिर्सू के निर्माणाधीन भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों को शिक्षा के लिहाज से विकसित और अग्रणी बनाना हमारा कर्तव्य है, जिसकी पूर्ति के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत डेगूं मरीज से जानकारी लेते हुए।

# पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग को राज्य आंदोलनकारियों ने किया धरना–प्रदर्शन




अल्मोड़ा। द्वाराहाट में विगत दिनों इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक–विधायक मामले में रोष अभी कम नहीं हुआ है। सोमवार को द्वाराहाट विकासखण्ड के परिसर में राज्य आंदोलनकारियों ने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह रावत के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है, लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। राज्य आंदोलनकारियों ने विकासखंड द्वाराहाट परिसर में संगठन अध्यक्ष मनोज अधिकारी के नेतृत्व में धरना दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह रावत उन्हें और क्षेत्र के लोगों को डराते–धमकाते रहते हैं। बीते दिनों उन्होंने विधायक मदन बिष्ट के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक के साथ अभद्रता की। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूर्व में उनके खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। चेतावनी दी कि जल्द उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सभी आंदोलनकारियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान भी किया है। यहाँ धरने में सुरेन्द्र लाल साह, गिरधर किरौली, भुपाल आर्य, आनंद राम आदि शामिल रहे।

## कपकोट, भराड़ी में बीएसएनएल सेवा ठप

बागेश्वर। तहसील क्षेत्र की बीएसएनएल सेवा एक सप्ताह से पूरी तरह पटरी से उतर गई है। इसका सबसे अधिक असर सीएसी सेंटर संचालकों व ऑनलाइन कारोबार करन वालों पर हो रहा है। लोग विभाग से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सेवा दुरुस्त नहीं हो सकी है। क्षेत्र के लोग आठ दिन से अपने रिश्तेदारों से हैलो तक नहीं कर पाए हैं। कपकोट, भराड़ी के व्यापारियों ने कहा कि पिछले आठ से बीएसएनएल सेवा ठप है। ऑनलाइन कारोबार चौपट हो गया है। बैंक, पोस्ट आफिस में लेन–देन प्रभावित हो गया है। सुदूरवर्ती गांवों से लोग आ रहे हैं। लेकिन बिना काम के लिए बैरंग लौट रहे हैं। संचार सेवा पटरी से उतरने से वह फोन पर बात भी नहीं कर पा रहे हैं।

# अवैध रेता भरकर ले जा रहा डम्पर सीज




अल्मोड़ा। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को जनपद में अवैध खनन की रोकथाम हेतु अवैध खनन सामग्री परिवहन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थाना धौलछीना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान जमरानी बैंड के पास एक डम्पर संख्या यूके–04सीसी 0145 को रोककर चैक करने पर वाहन चालक किशन सिंह निवासी जमरानी धौलछीना द्वारा वाहन में अवैध रेता परिवहन करता पाया गया। अवैध रेता परिवहन करने पर वाहन को सीज किया गया।

# उपपा ने किया संयोजक मंडल का गठन

बागेश्वर। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की बैजनाथ में हुई बैठक में पार्टी के संगठन निर्माण के लिए राज्य आंदोलनकारी महेश पांडे के नेतृत्व में बारह सदस्यीय संयोजक मंडल का गठन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संयोजक मंडल जिले के प्रबुद्ध, संघर्षशील व ईमानदार लोगों के साथ मिलकर जिला सम्मेलन आयोजित करेगा और विधिवत जिला इकाई का गठन करेगा। बैजनाथ में आयोजित बैठक में उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा राज्य निर्माण के बाद पिछले 23 वर्षों में राज्य के प्राकृतिक संसाधनों, जमीनों, व्यवसायों पर सुनियोजित रूप से बाहरी लोगों के कब्जे कराए गए हैं। जिस कारण उत्तराखंड जबरदस्त बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अराजकता से जूझ रहा है। बागेश्वर जिला वैध–अवैध खड़िया खनन को लेकर प्रभावित क्षेत्र के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि उपपा बागेश्वर में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और सत्ता के संरक्षण में पल रहे खनन माफियाओं के खिलाफ प्रखर जन अभियान चलाएगी।

पार्टी के बारह सदस्यीय संयोजक मंडल का गठन किया गया। जिसमें राज्य आंदोलनकारी महेश पांडे, रतन सिंह किरमोलिया, डॉ एसके सिंह, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, मीना देवी, पार्वती देवी,भावना देवी, भागुली देवी, भावना, मंजू सैनी, भगवत कोहली शामिल थे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राज्य बनने के बाद राज्य की जनता ने कांग्रेस, भाजपा समेत उनके क्षेत्रीय सहयोगियों की सरकारों को देखा है। बैठक में रोजगार को मूल अधिकार घोषित करने, बागेश्वर क्षेत्र में हो रहे खड़िया खनन को लेकर एक उच्च स्तरीय खुली जांच कराने, बागेश्वर क्षेत्र के प्रबुद्ध, संघर्षशील और ईमानदार लोगों से उपपा से जुड़ने की अपील की गई। इस दौरान केंद्रीय महासचिव नरेश नौड़ियाल, केंद्रीय सचिव अव्वल सिंह भंडारी, उदय रावत (टिहरी), हीरा देवी नगर अध्यक्ष अल्मोड़ा, उछास की भावना पांडे, राजू गिरी ने अपने विचार रखे।

## नशामुक्त समाज निर्माण का लिया संकल्प

बागेश्वर। राजकीय महाविद्यालय एंटी ड्रग सेल ने नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान पर भाषण संगोष्ठी आयोजित की। विषय नशामुक्त समाज के निर्माण मेरे सुझाव और मेरा योगदान था। प्राचार्य डा. मधुलिका पाठक ने युवाओं में बढ़ती नशे की आदत के प्रति चिंता प्रकट की।

नशे से मुक्ति पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़कर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल प्रभारी प्रवीन ने राज्य सरकार से संचालित नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान की सराहना की। युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की लत के प्रति खेद प्रकट किया।

# मजदूर परिवारों की महिलाओं का कलक्ट्रेट में प्रदर्शन



रुद्रपुर। इंटरार्क कंपनी सिडकुल पंतनगर एवं किच्छा में कार्यरत मजदूरों के परिवारों की महिलाओं ने मंगलवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि जिला प्रशासन की जांच में कंपनी को 11 मजदूरों को एकतरफा जांच कर नौकरी से निकाल दिया गया है। जबकि जिला प्रशासन की मौजूदगी में इंटरार्क कंपनी प्रबंधन और श्रमिक प्रतिनिधियों के बीच लिखित रूप में त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसमें स्पष्ट लिखा गया है कि बहाल किए 64 निलंबित मजदूरों में से, जिन 34 मजदूरों की कंपनी की ओर से घरेलू जांच कराई जाएगी। उन्हें जांच के पश्चात नौकरी से नहीं निकाल जाएगा, लेकिन 11 मजदूरों की एकतरफा जांच कर उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। कार्यक्रम में सोनी, राजकुमारी, हेम, पुष्पा देवी, नीलम वर्मा, जोसना साहू, शोभा, कांति देवी, चांदनी देवी, सिमुना सुनीता आदि थे।

# इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी सपा



पिथौरागढ़। सीमांत में समाजवादी पार्टी लोकसभा और निकाय चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ लड़ेगी। समाजवादी पार्टी ने बैठक कर यह निर्णय लिया है। नगर में सपा के प्रदेश सचिव रमेश बिष्ट की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा और निकाय चुनाव को लेकर चर्चा हुई।

यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने कहा कि आगामी दोनों चुनाव पार्टी, इंडिया गठबंधन के साथ लड़ेगी। इस दौरान उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में विकास थम गया है। महंगाई दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। युवा रोजगार के लिए दर–दर की ठोकरे खा रहे हैं। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा की स्थिति दयनीय है। कहा कि महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले थम नहीं रहे हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड का खुलासा एक साल बाद भी नहीं हो सका है।

## नशामुक्त समाज निर्माण का लिया संकल्प

बागेश्वर। राजकीय महाविद्यालय एंटी ड्रग सेल ने नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान पर भाषण संगोष्ठी आयोजित की। विषय नशामुक्त समाज के निर्माण मेरे सुझाव और मेरा योगदान था। प्राचार्य डा. मधुलिका पाठक ने युवाओं में बढ़ती नशे की आदत के प्रति चिंता प्रकट की। नशे से मुक्ति पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़कर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल प्रभारी प्रवीन ने राज्य सरकार से संचालित नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान की सराहना की।

# प्रतिबंधित मांस के साथ चार लोगों को किया गिरफ्तार



काशीपुर। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने 40 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गऊ संतान संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।मंगलवार को बांसफोड़ान चौकी इंचार्ज एसआई सुनील सुतेड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मौहल्ला अल्ली खां में निर्माणाधीन कब्रिस्तान के गेट के पास चार व्यक्ति लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने संदिग्ध चारों व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर तलाशी ली, तो उनके कब्जे से प्लास्टिक के चार कट्टों में 40 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम फरीद पुत्र हाजी शफीक, महबूब पुत्र इदरीश, इब्राहिम पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी हजरतनगर काली बस्ती मोहल्ला अल्ली खां, आरिफ पुत्र अनवर निवासी नई बस्ती ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद बताया। मौके पर पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर मांस का परीक्षण भी कराया। साथ ही सैम्पल भी ले लिया। आरोपियों ने बताया कि यह मांस वह ठाकुरद्वारा से कम दामों में खरीद कर लाते हैं और यहां उंचे दामों में बेचते हैं। पुलिस चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी।

# लापता युवक की बरामदगी को लेकर किया प्रदर्शन



रुद्रपुर। पिछले 15 दिनों से लापता युवक अर्शवीर की बरामदगी को लेकर परिजनों ने एसएसपी कार्यालय में प्रदर्शन किया। आरोप है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस लापता युवक का सुराग नहीं लगा पाई है। एसपी सिटी ने जल्द युवक की बरामदगी का भरोसा दिलाया है। मंगलवार को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और किच्छा से युवक के परिजन एसएसपी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने एसपी सिटी मनोज कत्याल से मुलाकात की। उनका कहना था कि किच्छा के ग्राम नजीबाबाद स्थित धौराडाम निवासी गुलजार सिंह का 28 वर्षीय बेटा अर्शवीर सिंह 11 सितंबर को दोपहर में घर से निकला था। वह गांव के ही एक युवक के साथ बाइक पर बैठकर गया था और पिपलिया चौराहे पर उतर गया था। जब देर रात तक वह घर वापस नहीं आया तो उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। आरोप है कि पिछले कई दिनों से युवक के लापता होने के बाद भी किच्छा पुलिस मामले की जांच में सुस्ती बरत रही है। उन्होंने एसपी सिटी से अर्शवीर की जल्द बरामदगी की मांग की है। वहीं एसपी सिटी ने कहा कि किच्छा कोतवाल को इस संबंध में निर्देशित किया गया है। जल्द एक टीम बनाकर लापता युवक की तलाश की जाएगी। इस दौरान परविंदर सिंह, बंटी खुराना, अंकित सिंह, राजेश तिवारी, नंद लाल यादव, अजय साहनी, चरणजीत सिंह, सतीश जोशी आदि मौजूद रहे।

## पुरातत्व और काल निर्धारण पर वर्कशॉप का आयोजन

रुद्रपुर। राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में पुरातत्व और काल निर्धारण विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रवेश लिए बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रो. एसएन राव एवं विभागाध्यक्ष डॉ. केके मिश्रा के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयोजित वर्कशॉप में विषय विशेषज्ञ केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के डॉ. आशीष कुमार उपाध्याय ने छात्र–छात्राओं को रेडियो कॉर्बन डेटिंग, पोटेशियम आर्गन डेटिंग आदि वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से पुरातात्विक सामग्री जैसे पाषाण काल के औजार, हथियार, शैल चित्र, अस्थि–पंजर, समाधियों एवं विभिन्न अवशेषों से कॉर्बन एवं अन्य रेडियोधर्मी तत्वों से किस प्रकार से उनकी आयु एवं काल का निर्धारण कर सकते हैं, इस विषय में जानकारी दी।



# जीआईसी पीपलकोट में गणवेश बांटे

पिथौरागढ़। मूनाकोट विकासखंड के जीआईसी पीपलकोट में समग्र शिक्षा अभियान के तहत छात्र–छात्राओं को गणवेश वितरित किए गए। मंगलवार को प्रधानाचार्य मोहन चंद्र पाठक ने बारी–बारी से छात्र–छात्राओं को गणवेश बांटे। यहां प्रवक्ता गंगा प्रसाद पंत, केएन भट्ट, विनय जोशी, तारा दत्त भट्ट, पंकज पांडेय, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# गाँधी जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

अल्मोड़ा। महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में अपर जिलाधिकारी सी.एस मर्तोलिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जनपद में प्रातः 06:30 बजे प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य शिक्षाधिकारी की होगी। इसके बाद ठीक 08:00 बजे सभी सरकारी व अर्द्धसरकारी भवनों में ध्वजारोहण के साथ ही दोनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण होगा और महात्मा गाँधी के प्रिय भजनों को गाया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि दिनांक 01 अक्टूबर को खेल विभाग द्वारा चौघानपाटा से पुलिस लाइन तक क्रॉस कंट्री रेस प्रातः 7:30 बजे से आयोजित की जाएगी। 02 अक्टूबर को जिला कारागार में स्वास्थ्य शिविर लगाकर रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। 01 व 2 अक्टूबर को नगरपालिका द्वारा मलिन बस्तियों सहित विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। 02 अक्टूबर को जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा शिशुगृह, बालिका निकेतन, नारी निकेतन, लेप्रोसी मिशन करबला में फल बांटे जाएंगे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम समस्त खण्ड विकास कार्यालयों, उप जिलाधिकारी कार्यालयों सहित अन्य कार्यालयों मे भी मनाया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभात फेरी सहित अन्य कार्यक्रमों में सभी जिला स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। 02 अक्टूबर से पूर्व प्रत्येक विद्यालय में स्वच्छता के प्रति छात्र–छात्राओं को जागरूक करने के साथ परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाय। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ए. डी. बलोदी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भीम सिंह मेर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## निरोगी रहने के लिए नियमित करें योग

रुद्रपुर। पतंजलि योगपीठ के राज्य युवा प्रभारी केवलानंद ने सितारगंज में युवाओं की बैठक ली। उन्होंने निरोग रहने के लिए नियमित योग का आह्वान किया।

सितारगंज में मंगलवार को सनातन धर्मशाला में आयोजित बैठक में केवलानंद ने योग के लाभ की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा भी योग कर स्वस्थ रहें। वर्तमान में नशे से दूर रहने के लिए योग करने का आह्वान किया। उन्होंने योग के प्रचार–प्रसार व योग को युवाओं तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। युवाओं को योग के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से भी अवगत कराया। उधमसिंह नगर के जिला युवा प्रभारी मोहित गहतोड़ी ने योग से राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण पर बल दिया। यहां जीवंती बोरा, प्रतिभा परिहार, गीता गुप्ता, भुवन जोशी, महेंद्र सक्सेना, अमन, अरविंद चौरसिया मौजूद रहे।

# मेयर ने पर्यावरण मित्रों को रेनकोट और जैकेट बांटे

रूद्रपुर। नगर निगम में कार्यरत पर्यावरण मित्रें की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें मेयर रामपाल सिंह एवं नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने रेडियम युक्त जैकेट और बरसात से बचने के लिए रेन कोट वितरित किये। साथ ही इस मौके पर नगर निगम की नारी शक्ति सेना को भी जैकेट एवं कलेक्शन बैग वितरित किया गया।

बता दें पर्यावरण मित्रें को बारिश के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार बरसात के बीच में जलभराव जैसी स्थिति से निपटने में के दौरान रेन नहीं होने की स्थिति में पर्यावरण मित्रें को बारिश में भीगते हुए काम करना पड़ता था। जिसे देखते हुए मेयर रामपाल सिंह एवं नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने पर्यावरण मित्रें को रेन कोट वितरित करने का निर्णय लिया। मंगलवार को नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम के सभी पर्यावरण मित्रें को बारिश से बचाव के लिए रेन कोट वितरित किये। इस दौरान घर घर कूड़ा कलेक्शन का शुल्क वसूल करने वाली नारी शक्ति सेना की महिलाओं को मेयर ने ड्रैस कोड वाली जैकेटे वितरित की। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि नारी शक्ति सेना की टीम में जो भी महिलाएं शुल्क वसूल करने के लिए घर घर जाती है उनका ड्रैस कोड होना जरूरी था। ताकि कलेक्शन के दौरान महिलाओं कोई दिक्कत न हो और लोगों को भी उनकी पहचान रहे। मेयर ने कहा कि नगर निगम के सभी पर्यावरण मित्र उनके लिए परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने पर्यावरण मित्रें के हितों को कभी भी नजरअंदाज नहीं किया है। यही वजह है कि उनके अब तक के कार्यकाल में पर्यावरण मित्रें और नगर निगम के बीच एक बार भी खींचतान की स्थिति पैदा नहीं हुयी और सामान्य रूप से पर्यावरण मित्रें ने सहयोग की भावना से काम किया है। आगे भी पर्यावरण मित्रें और नगर निगम के सभी कर्मचारियों के साथ टीम भावना के साथ काम किया जायेगा। नगर निगम के विकास और रूद्रपुर शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में नगर निगम कर्मचारियों के साथ साथ शहरवासियों का भी योगदान जरूरी है। शहर के नागरिकों के सहयोग के बिना शहर की हालत नहीं सुधारी जा सकती। मेयर ने कहा कि शहर के सभी लोग अगर कूड़े के यथा स्थान पर भी फैंके और पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णतः बंद कर दें तो यह भी अपने आप में एक बड़ा सहयोग होगा। इससे पर्यावरण मित्रें को भी राहत मिलेगी और शहर भी स्वच्छ और सुंदर बनेगा।

## युवक के पीछे चाकू लेकर दौड़ा आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। युवक को जान से मारने की नीयत से चाकू लेकर पीछे दौड़े युवक को पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। सोमवार की शाम कटोराताल चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिस टीम के साथ गश्ते पर थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि 23 सितंबर को मोहल्ला रजवाड़ा में गणेश पूजा के दौरान युवक के पीछे चाकू लेकर दौड़ा आरोपी अमित ठाकुर ईदगाह रोड पर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने ईदगाह रोड के पास आरोपी को चाकू संग गिरफ्तार कर लिया।

सम्पादकीय

# मैदान से पहाड़ तक तस्करी

उत्तराखंड में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने की दिशा में उत्तराखंड पुलिस ने यूं तो काफी प्रयास किए हैं लेकिन बावजूद इसके नशा तस्करी का खेल अभी भी क्षमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। स्थिति यह है कि मैदानी क्षेत्र के अलावा पहाड़ों में भी बड़े पैमाने पर नशे की तस्करी की जा रही है। हाल ही के दिनों मे नैनीताल पुलिस ने लगभग दस लाख रुपए कि स्मैक बरामद की थी जो यह प्रदर्शित करने के लिए काफी है कि पुलिस के प्रयासों के बावजूद उत्तराखंड में नशा तस्करी का खेल बंद करना प्रदेश के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। उत्तराखंड में नशे की सबसे अधिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश, हिमाचल एवं पंजाब से होती है जिसके लिए तस्कर विभिन्न माध्यमों का प्रयोग करते हैं। राज्य पुलिस के अफसरों को लगता है कि उत्तराखंड रोडवेज की बसों के अलावा अन्य राज्यों की बसें भी तस्करी के लिए प्रयोग की जा रहे हैं। लिहाजा रोडवेज बसों को नशे के सामान की आपूर्ति का माध्यम बनाने की कुछ घटनाओं के बाद अब इस दिशा में गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम लगाने के लिए अंतरराज्य मार्ग पर चलने वाली प्रत्येक राज्य की रोडवेज बसों की स्कैनिंग की जाएगी। उत्तराखंड में स्मैक से लेकर दूसरे नशीले पदार्थ सबसे अधिक मात्रा में बरेली से ही तस्करी की किए जाते हैं अतः खासतौर पर इस दिशा में बरेली की ओर से आने वाली बसें जांच टीम के दायरे में होगी। हाल ही के दिनों मे रोडवेज में कार्यरत कुछ कर्मचारियों को नशे की तस्करी में लिप्त होने पर गिरफ्तार किया गया था। उत्तराखंड पुलिस के मुखिया द्वारा रोडवेज की बसों की जांच करने के आदेश तो दिए गए हैं लेकिन क्या यह कार्य वाकई इतना आसान है जितना आदेशों में समझा जा रहा है? राज्य की सीमा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों की बसें प्रवेश करती हैं और इन सभी बसों की जांच सीमित पुलिस बल के भरोसे करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। एक बार रोडवेज बसों में जांच का दायरा शुरू होगा तो तस्करों के पास दूसरे ऐसे कई माध्यम है जिन पर शायद सुरक्षा एजेंसियां की नजर न पड़े। नशीले पदार्थ की खेप पकड़ने का सबसे बड़ा सटीक माध्यम मुखबिरों  का नेटवर्क है, और अधिकांश प्रकरण मुखबिरों के माध्यम से ही प्रकाश में आते हैं। समय के साथ–साथ नशा तस्कर भी अपने काम करने के तरीकों में परिवर्तन लाते हैं और कहीं ना कहीं तस्करों का नेटवर्क पुलिस से दो कदम आगे ही चलता है। उत्तराखंड में नशे की तस्करी को रोकने के लिए प्रदेश पुलिस की सराहना करनी चाहिए, हालांकि अभी इसमें व्यापक सुधार की जरूरत है और तमाम सख्ती एवं कड़ी चौकसी बरतने के बावजूद भी नशे का यह काला कारोबार उत्तराखंड की सीमाओं में बेधड़क बेखौफ प्रवेश कर रहा है। उत्तराखंड रोडवेज को भी बिना जांच पड़ताल के किसी भी प्रकार का पार्सल या पैकेट गंतव्य तक पहुंचाने से पहले व्यापक सावधानी एवं सतर्कता बरतनी होगी।

# यूक्रेन युद्ध हांफने लगा!

**श्रुति व्यास**



**यह घोषणा यूक्रेन के लिए एक बड़ा धक्का तो था ही, पूरे विश्व समुदाय के लिए अप्रत्याशित निर्णय था। पौलेंड अब तक यूक्रेन के सबसे मजबूत समर्थकां में से एक रहा है और कीव को सबसे ज्यादा हथियार वहीं से मिलते रहे हैं। पौलेंड ने दस लाख से ज्यादा यूक्रेनियाई शरणार्थियों को अपने देश में जगह दे रखी है और सरकार उनकी हर तरह से मदद कर रही है। वॉरसॉ और कीव के बीच तनाव तब शुरू हुआ जब पौलेंड ने अपने किसानों की खातिर यूक्रेन से खाद्यान्नों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। इस प्रतिबंध के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वॉरसॉ पर रूस की मदद करने का आरोप लगाया। पौलेंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डुडा ने यूक्रेन को एक ऐसे डूबते हुए आदमी की संज्ञा दी जो अपने बचाने वाले को भी ले डूबता है।सो पड़ोसी पोलैंड के साथ वाकयुद्ध और अमरीका में कूटनीतिक बैठकों में बुरी खबर का सीधा मतलब जेलेंस्की का समय ठीक नहीं चल रहा है। हाल में 'न्यूयार्क टाईम्स' ने एक खबर छापी है जिसके मुताबिक यूक्रेन के कोंस्टाइनएंटीनिवका शहर में इस महीने की शुरूआत में एक भीड़भाड़ वाली सडक़ पर जिस मिसाईल के हमले में 17 नागरिक मारे गए थे, वह मिसाईल यूक्रेन ने ही गलती से दागी थी।**

पिछले साल की सर्दियों में रूस–यूक्रेन युद्ध चल रहा था। इस साल की सर्दियों में भी चलेगा। किसी को नहीं मालूम कि यह कब तक ख़त्म होगा। पिछले हफ्ते कुछ चौंकाने वाली खबरें मिली। इनके सही होने ही पूरी सम्भावना है। ऐसा लगता है कि युद्ध लडने़, यूक्रेन का साथ देने और पुतिन को हराने का जोश अब उतार पर है। सभी हारे–थके और हैरान–परेशान नजर आ रहे हैं। सभी चाहते हैं कि लड़ाई जल्द से जल्द ख़त्म हो। इनमें पश्चिमी व अन्य देश तो शामिल हैं ही, यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की भी शामिल हैं। रूस पर यह सोच सन् 2024 के बाद ही हावी होगी।

पिछले सप्ताह यूक्रेन के राष्ट्रपति, संयुक्त राष्ट्रसंघ महासभा को संबोधित करने के लिए न्यूयार्क पहुंचे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधारों की जरूरत है। उनका तर्क था कि युद्ध ने यह दिखा दिया है कि वीटो की ताकत को कम करना ज़रूरी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा को वीटो को ओवरराइड करने का अधिकार मिलना चाहिए और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपनी मजबूत स्थिति के चलते जिन पांच देशों को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हासिल हुई थी, उनके अलावा नए देशों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। वे सही कह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बूढे और थके हुए देश हैं और बदलते दौर में ताज़ा हवा के झोंके और नएपन की आवश्यकता है। आखिर कब तक ये पांच देश बाकी 195 देशों का भविष्य तय करते रहेंगे? कब तक उन्हें किसी भी प्रस्ताव को वीटो करने का अधिकार रहेगा?

इस संबोधन के बाद जेंलेस्की वाशिंगटन पहुंचे लेकिन वहां उन्हें वह गर्मजोशी और हीरो जैसा स्वागत नसीब नहीं हुआ जैसा नौ माह पहले हुआ था।

दिसंबर में अमरीकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक में दिए गए भाषण के बाद सदस्यों ने खड़े होकर तालियों की गडग़ड़ाहट के बीच उनका उत्साहवर्धन किया था। इस बार उन्होंने सीनेट के जिस सत्र को संबोधित किया, उसमें प्रेस और जनता को प्रवेश नहीं दिया गया। रिपब्लिकनों ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने का उनका अनुरोध ठुकरा दिया। यह खबर भी है कि रिपब्लिकनों ने यूक्रेन पर ब्रीफिंग की सरकार की पेश-कश भी नामंजूर की। जेलेंस्की ऐसे समय अमरीका पहुंचे जब रिपब्लिकन यूक्रेन युद्ध पर और अधिक खर्च करने के खिलाफ हो चुके हैं। उन्होंने एक अंतरिम विधेयक पेश किया है जिसमें यूक्रेन के लिए बजट का प्रावधान नहीं है।

राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन के लिए अतिरिक्त 24 अरब डालर मांगे है जिसके नतीजे में सरकारी कामकाज ठप्प भी हो सकता है।

हालांकि जो बाइडन से मुलाकात के दौरान जेलेंस्की लंबी दूरी की टैक्टिकल मिसाइल प्रणालियां (एटीएसीएमएस) हासिल करने में सफल रहे, जिनसे दूरस्थ रूसी सैन्य अड्डों एवं हथियार भंडारों को निशाना बनाया जा सकता है। लेकिन ऐसी कितनी मिसाईलें दी जाएंगी, यह नहीं बताया गया। अमेरिकी अधिकारी इस बारे में विशेष उत्साहित नहीं हैं क्योंकि देश का लम्बी दूरी तक मार करने वाली टैक्टिकल मिसाईलों का अपना स्टाक बहुत सीमित है। इसके अलावा उन्हें यह डर भी है कि रूस यह आरोप लगा सकता है कि अमरीका युद्ध को और भडक़ा रहा है।

जब अमरीका में यह घट रहा था तब पौलेंड के प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि उनका देश यूक्रेन को भविष्य में और हथियार नहीं देगा क्योंकि वह अपने सुरक्षा प्रबंधों पर फोकस करना चाहता है।

यह घोषणा यूक्रेन के लिए एक बड़ा धक्का तो था ही, पूरे विश्व समुदाय के लिए अप्रत्याशित निर्णय था। पौलेंड अब तक यूक्रेन के सबसे मजबूत समर्थकां में से एक रहा है और कीव को सबसे ज्यादा हथियार वहीं से मिलते रहे हैं। पौलेंड ने दस लाख से ज्यादा यूक्रेनियाई शरणार्थियों को अपने देश में जगह दे रखी है और सरकार उनकी हर तरह से मदद कर रही है। वॉरसॉ और कीव के बीच तनाव तब शुरू हुआ जब पौलेंड ने अपने किसानों की खातिर यूक्रेन से खाद्यान्नों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। इस प्रतिबंध के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वॉरसॉ पर रूस की मदद करने का आरोप लगाया। पौलेंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डुडा ने यूक्रेन को एक ऐसे डूबते हुए आदमी की संज्ञा दी जो अपने बचाने वाले को भी ले डूबता है।

सो पड़ोसी पोलैंड के साथ वाकयुद्ध और अमरीका में कूटनीतिक बैठकों में बुरी खबर का सीधा मतलब जेलेंस्की का समय ठीक नहीं चल रहा है। हाल में 'न्यूयार्क टाईम्स' ने एक खबर छापी है जिसके मुताबिक यूक्रेन के कोंस्टाइनएंटीनिवका शहर में इस महीने की शुरूआत में एक भीड़भाड़ वाली सडक़ पर जिस मिसाईल के हमले में 17 नागरिक मारे गए थे, वह मिसाईल यूक्रेन ने ही गलती से दागी थी।अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समस्याएं हैं हीं उनके देश के भीतर भी जेलेंस्की को कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

यूक्रेन इस समय भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध के अधबीच में है। जेलेंस्की ने हाल में रक्षा मंत्री एलेक्सेआई रेजनीकोव को बर्खास्त किया है। रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारियों पर भ्रष्टचार के आरोप में मुकदमे चल रहे हैं।

इसके अलावा यूक्रेन के एक कुख्यात कुलीन आईहोर कोलोमोयस्की को धोखाधड़ी और मनी लांडरिंग के संदेह में गिरफ्तार किया गया है और वह जेल में है।जेलेंस्की की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। यूक्रेन का जवाबी हमला अब भी कमजोर और धीमा है और उसके साथी देशों पौलेंड, स्लोवाकिया और अमरीका में चुनाव होने जा रहे हैं और तीनों ही देशों में प्रमुख उम्मीदवार यह कह रहे हैं कि सत्ता में आने पर वे यूक्रेन को सैन्य सहायता देने पर धन खर्च करने की बजाए अपने देश के लोगों की मदद करना चाहेंगे।

युद्ध शुरू हुए 600 दिन गुजर चुके हैं और पिछले हफ्ते के घटनाक्रम से ऐसा लगता है कि जो देश शुरूआत में यूक्रेन का समर्थन और उसकी मदद करने के लिए बहुत उत्साहित थे धीरे–धीरे हांफने लगे हैं। लंबी खिंचती इस लड़ाई ने उन्हें थका दिया है।

# बच्चों के लिए खरीद रहे हैं लॉच बॉक्स तो जानें कैसा खरीदें... इन चार बातों का जरूर रखें ध्यान



स्कूल जाने वाले लगभग सभी बच्चों के लिए लंच बॉक्स जरूरी सामानों में से एक है. लंच बॉक्स में बच्चे अपना दोपहर का खाना स्कूल ले जाते हैं. चूंकि यह बच्चों के भोजन से संबंधित है इसलिए लंच बॉक्स का चुनाव करने में काफी सावधानी बरतनी चाहिए. बाजार में लॉन्च बॉक्स की विभिन्न प्रकार की वैरायटी मिल जाती है. लेकिन सही और गुणवत्ता वाला लॉन्च बॉक्स चुनना जरूरी है. लंच बॉक्स की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए ताकि बच्चों के खाने को सुरक्षित रखा जा सके. इसके अलावा, बॉक्स का आकार, रंग, डिज़ाइन आदि भी बच्चे की उम्र और पसंद के अनुसार चुनना चाहिए. लंच बॉक्स खरीदते समय इन सभी बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है. आइए जानते हैं..

लंच बॉक्स की क्वालिटी चेक करें

लंच बॉक्स खरीदते समय सबसे पहले इसकी क्वालिटी की जांच करनी चाहिए. अच्छी क्वालिटी का लंच बॉक्स स्टील या फिर बीपीए फ्री प्लास्टिक का बना होना चाहिए. क्वालिटी अच्छी न होने पर बॉक्स जल्दी खराब हो सकता है या फिर बच्चे के खाने को नुकसान पहुंचा सकता है.

बॉक्स का आकार और डिजाइन

लंच बॉक्स खरीदते समय बच्चे की उम्र और उसकी पसंद के हिसाब से बॉक्स का आकार और डिजाइन चुनना चाहिए. छोटे बच्चों के लिए छोटे आकार का और रंगीन डिजाइन वाला बॉक्स सही होता है. बड़े बच्चों के लिए थोड़ा बड़ा और सिंपल डिजाइन वाला बॉक्स लें.

बॉक्स में कॉम्पार्टमेंट होने चाहिए

छोटे बच्चों के लिए लंच बॉक्स लेते समय यह ध्यान रखना जरूरी है कि बॉक्स में अलग–अलग कॉम्पार्टमेंट हों. छोटे बच्चे अपना खाना खुद संभाल नहीं पाते इसलिए कॉम्पार्टमेंट में खाने की चीजें सही से अलग रखी जा सकती हैं. इससे खाने की चीजें आपस में नहीं मिलेंगी और साफ–सुथरा रहेगा.

मल्टी–कलर वाले बॉक्स से बचें

लंच बॉक्स लेते समय मल्टी–कलर वाले डिजाइन से बचना चाहिए. कई रंगों वाले प्लास्टिक बॉक्स के रंग जल्दी फीके पड़ जाते हैं. इससे खाने की चीजें खराब हो सकती हैं. सिंपल या मैट फिनिश वाला बॉक्स लेना सही होता है.

# मोदी की बेफिक्री या गणित?

**हरिशंकर व्यास**

समझ नहीं आता कि कनाडा में जांच के गंभीर रूप लेने की भनक या खबर और खुद प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो से बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल ने समय रहते संकट प्रबंधन क्यों नहीं किया? कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने दिल्ली में रहते हुए अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया के नेताओं से जब सब कुछ शेयर किया तो भारत के विदेश और खुफिया मंत्रालय में किसी को यह समझ नहीं आया कि बात कितनी आगे बढ़ सकती है? ध्यान रहे प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो राष्ट्रपति के दिए राजकीय भोज में भी नहीं थे। इससे पहले वे अपने सुरक्षा सलाहकारों व जांच अधिकारियों को दिल्ली भेज चुके थे इन सबके बाद भी नरेंद्र मोदी और उनकी टोली को यह अनुमान कैसे नहीं हुआ कि कनाडा क्या करता हुआ है? कैसे उसे समझाया जाए या उसे सहयोग देकर या तो ठोस प्रमाणों के साथ कथित विश्वसनीय प्रमाणों को झूठा करार दें ताकि कनाडा सरकार से सद्भाव बना रहे। मामला सार्वजनिक न हो।

लगता है नरेंद्र मोदी जी–20 के शो और हवाबाजी से आत्मविश्वास में थे। शायद अब भी होंगे। यह भी संभव है कि वे मानते हों कि खालिस्तानी पैरोकार की हत्या को लेकर कनाडा चाहे जो सनसनी बनाए उनके भक्त हिंदू वोट तो वैसे ही झूमेंगे जैसे सन् 2019 से पहले पाकिस्तान में घुसकर मोदी सरकार ने बाहुबल दिखलाया था तब झूमे थे। हां, सोशल मीडिया में भक्तों के ऐसे पोस्ट, वीडियो और राष्ट्रीय मीडिया नैरेटिव में यह हल्ला है कि कनाडा तो खालिस्तानियों का अड्डा है। पश्चिमी सभ्यता हिंदू विरोधी है, याद नहीं अंग्रेजों ने 1857 की क्रांति को सिख सेना को साथ ले कर कुचला था। मतलब पश्चिमी सभ्यता, एंग्लो–सेक्सन देशों को हिंदू विरोधी करार देने के प्रोपेगेंडा का सैलाब है। कनाडा दूसरा पाकिस्तान हो गया है। टूडो की पार्टी सिखों के वोटों से टिकी है लेकिन वे फेल होते हुए हैं, इसलिए जस्टिन टूडो न केवल आंतकवादियों को पनाह देने वाले हैं, बल्कि निज्जर की हत्या के मामले को राजनीतिक रंग दे कर पंगा ले रहे हैं। पर कोई बात नहीं दुनिया मानेगी कि भारत कितना शक्तिमान जो पश्चिम देश में घुस कर राष्ट्र विरोधी को मारता है। वह इजराइल से ज्यादा हिम्मती हो गया। इससे हिंदुओं की वाह है। देखा, मोदी सरकार ने इतनी दूर के कनाडा के भीतर आंतकवादी को मारा। सो, मोदी, मोदीज् मोदी है तो मुमकिन है। भारत में न कभी ऐसा नेता हुआ और न है। तभी भक्त लोग यह तक मानते हुए है कि जस्टिन टूडो ने तो मोदी का 2024 का चुनाव प्रचार शुरू करा दिया। जैसे भारत में योगीजी ने उत्तर प्रदेश में बुलडोजर, एनकाउंटरों से चमत्कार दिखाया वैसे ही वैश्विक पैमाने पर मोदीजी का चमत्कार।



लगता है नरेंद्र मोदी जी–20 के शो और हवाबाजी से आत्मविश्वास में थे। शायद अब भी होंगे। यह भी संभव है कि वे मानते हों कि खालिस्तानी पैरोकार की हत्या को लेकर कनाडा चाहे जो सनसनी बनाए उनके भक्त हिंदू वोट तो वैसे ही झूमेंगे जैसे सन् 2019 से पहले पाकिस्तान में घुसकर मोदी सरकार ने बाहुबल दिखलाया था तब झूमे थे। हां, सोशल मीडिया में भक्तों के ऐसे पोस्ट, वीडियो और राष्ट्रीय मीडिया नैरेटिव में यह हल्ला है कि कनाडा तो खालिस्तानियों का अड्डा है। पश्चिमी सभ्यता हिंदू विरोधी है, याद नहीं अंग्रेजों ने 1857 की क्रांति को सिख सेना को साथ ले कर कुचला था। मतलब पश्चिमी सभ्यता, एंग्लो–सेक्सन देशों को हिंदू विरोधी करार देने के प्रोपेगेंडा का सैलाब है। कनाडा दूसरा पाकिस्तान हो गया है। टूडो की पार्टी सिखों के वोटों से टिकी है लेकिन वे फेल होते हुए हैं, इसलिए जस्टिन टूडो न केवल आंतकवादियों को पनाह देने वाले हैं, बल्कि निज्जर की हत्या के मामले को राजनीतिक रंग दे कर पंगा ले रहे हैं। पर कोई बात नहीं दुनिया मानेगी कि भारत कितना शक्तिमान जो पश्चिम देश में घुस कर राष्ट्र विरोधी को मारता है। वह इजराइल से ज्यादा हिम्मती हो गया। इससे हिंदुओं की वाह है। देखा, मोदी सरकार ने इतनी दूर के कनाडा के भीतर आंतकवादी को मारा।

जाहिर है हमारा गंवार काल है जो अवसरों को निरंतर गंवाना है। तय मानें अब न भारत– कनाडा में मुक्त व्यापार संधि होगी और न ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता सिरे चढ़ेगा। बेचारे ऋषि सुनक का ग्राफ गिरना शुरू है। नरेंद्र मोदी के साथ उनका शोशा ब्रिटेन की राजनीति में उनके ग्राफ की गिरावट का प्रारंभ है। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया याकि पश्चिमी देश भारत की आबादी व चीन की चिंता में भारत को महत्व देते रहेंगे, भारत से कमाई करेंगे लेकिन वह सब खटाई में पड़ेगा जो संभव था। किसी पश्चिमी देश की संप्रभुता को कोई ठेंगा दिखाए तो यह अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया के एलिट को स्वीकार्य नहीं होगा। इसलिए नरेंद्र मोदी, डोवाल, जयशंकर के लिए रास्ता यही है कि या तो कनाडा को झूठा प्रमाणित करें या कोई बली का बकरा बने। मामला वैसे रफा–दफा और भुलाया नहीं जा सकता है जैसे भारत में योगीशाही, मोदीशाही ने कानून के कथित राज के किस्सो का भुलवाया हैं।

# एक दिन मे इतने से ज्यादा अंडे न खाएं, वरना सेहत बनने की जगह बिगड़ जाएगी

अंडे प्रोटीन, विटामिन बी2 (राइबोफ्लेविन), विटामिन बी12, विटामिन डी, सेलेनियम और आयोडीन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. इसमें कोलीन, आयरन और फोलेट भी काफी मात्रा में होता है. जो शरीर के लिए काफी ज्यादा हेल्दी होता है और सेहत बनाए रखने में मदद करता है. अंडे में कोलेस्ट्रॉल होता है, जो एक ऐसी चीज़ है जोआपकी सेहत के लिए फायदेमंद भी है और अगर इसका लेवल हाई हो जाए तो यह आपको परेशान भी कर सकती है. लेकिन क्या सिर्फ इस एक बात की वजह से आपको इसे खाना बंद कर देना चाहिए?

**खराब कोलेस्ट्रॉल बढने़ से आपको दिल से जुड़ी बीमारी हो सकती है**

हम सभी जानते हैं कि कोलेस्ट्रॉल बढने़ से सबसे ज्यादा दिल का नुकसान होता है. क्योंकि अगर आपका कोलेस्ट्रॉल बढ़ा तो आप दिल की बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं. या हार्ट अटैक का जोखिम भी बढ़ सकता है. कोलेस्ट्रॉल दो तरह की होती है. एक हेल्दी और दूसरी अनहेल्दी. हेल्दी कोलेस्ट्रॉल हेल्दी सेल्स और टिश्यूज के साथ–साथ एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन और एड्रेनालाईन जैसे हार्मोन बनाती है जो शरीर के लिए बहुत अच्छा होता है. दिक्कत तब होती है जब शरीर में अनहेल्दी कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है. और सिर्फ कोलेस्ट्रॉल ही नहीं बल्कि एलडीएल और खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है.

**एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल दिल की बीमारी और स्ट्रोक के लिए खतरनाक**

जबकि एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल दिल की बीमारी और स्ट्रोक के लिए आपके जोखिम को बढ़ाता है. यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) का कहना है कि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल ब्लड में कोलेस्ट्रॉल को समाहित करता है और इसे बाहर निकालने के लिए लिवर में वापस ले जाता है. यही कारण है कि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल दिल संबंधी समस्याओं के जोखिम को कम करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

**अंडे में होते हैं हेल्दी कोलेस्ट्रॉल**

अंडे में हाई लेवल के कोलेस्ट्रॉल होते हैं लेकिन वह सेहत के लिए नुकसानदायक नहीं होते हैं. यह दूसरे फूड आइटम में मौजूद कोलेस्ट्रॉल से काफी अलग होते हैं. जैसे फैट और अनहेल्दी फैट में कोलेस्ट्रॉल होते हैं उससे अलग होते हैं.

**रोजाना इतने अंडे ही आपकी सेहत के लिए सही है**

एक बड़े अंडे में लगभग 186 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है. जो कि पूरी जर्दी में होता है. रोजाना एक पूरा अंडा खाने की डॉक्टर सलाह देते हैं. कोरियन जर्नल फूड साइंस ऑफ एनिमल रिसोर्सेज में पब्लिश एक रिसर्च में पाया गया कि प्रति सप्ताह 2–7 अंडे खाने से उच्च एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बनाए रखने और मेटाबोलिक सिंड्रोम के जोखिम को कम करने में मदद मिली. जबकि रोजाना 2 अंडे खाने से आपके शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है.

# ये कैसा 'हार्ड स्टेट'?

नरेंद्र मोदी सरकार दुनिया में भारत की छवि हार्ड स्टेट की बनाना चाहती है। भाजपा का पुराना आरोप है कि अन्य पार्टियों के शासनकाल में भारत सॉफ्ट स्टेट था। लेकिन चीन की जब बात आती है, तो हार्ड स्टेट का वह नैरेटिव क्यों मद्धम पड़ जाता है?

बीते जुलाई में चीन में वुशु वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था, तब चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन एथलीटों को स्टेपल्ड वीजा दिया था। यानी उसने अन्य भारतीय नागरिकों को दिया जाना वाला सामान्य वीजा उन्हें देने से इनकार कर दिया था। तब भारत ने उस पर कड़ा विरोध जताया और वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में भाग लेने से इनकार कर दिया। चीन जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को तब हवाई अड्डे से लौटा लिया गया था। यह एक सही प्रतिक्रिया थी। कोई देश यह मंजूर नहीं कर सकता कि उसके किसी क्षेत्र को कोई अन्य देश इस तरह विवादास्पद बनाने की कोशिश की जाए। अब चीन ने वही हरकत एशियाई खेलों के सिलसिले में दोहराई है, लेकिन इस बार भारत की प्रतिक्रिया अलग नजर आई है। इस बार सिर्फ अरुणाचल के तीन खिलाड़ी चीन नहीं भेजे गए, जबकि बाकी पूरी टीम को वहां जाने दिया गया। फिर यह खबर आई कि विरोध जताने के मकसद से खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उद्घाटन समारोह में भाग लेने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया है।

मुद्दा यह है कि जब पूरे टूर्नामेंट के बायकॉट के भारत के फैसले की चीन ने परवाह नहीं की, तो एक मंत्री के ना आने की वह कितनी परवाह करेगा? हालांकि ऐसा फैसला खिलाड़ियों के साथ बड़ा अन्याय होता, लेकिन किसी का कोई नुकसान राष्ट्र को होने वाली क्षति से बड़ा तो नहीं हो सकता। अगर भारत एशियाई खेलों के बहिष्कार का एलान करता, तो उससे चीन की मेजबानी पर जरूर एक धब्बा लगता– साथ ही उससे चीन के इस तरह के रवैये पर दुनिया में चर्चा भी होती। जहां तक खिलाडियो के साथ अन्याय की बात है, तो ऐसा जुलाई में वुशु के बाकी खिलाडियों के साथ भी हुआ था। एक जैसी ही घटना पर कोई देश अलग–अलग मौकों पर अलग रुख कैसे अपना सकता है? नरेंद्र मोदी सरकार दुनिया में भारत की छवि हार्ड स्टेट की बनाना चाहती है। भाजपा का पुराना आरोप है कि अन्य पार्टियों के शासनकाल में भारत सॉफ्ट स्टेट था। लेकिन चीन की जब बात आती है, तो हार्ड स्टेट का वह नैरेटिव क्यों मद्धम पड़ जाता है?

## कोरोना से 7 गुना ज्यादा खतरनाक डिसेस एक्स, खतरे में 5 करोड़ लोगों की जान

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** दुनियाभर में एक बार फिर बेहद खतरनाक बीमारी का खतरा मंडरा रहा है जिसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अलर्ट जारी किया है। इस नई बीमारी को डिसीज एक्स नाम दिया गया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, डिसीज कोरोना महामारी से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। इस बीमारी से 5 करोड़ लोगों की मौत होने की आशंका है। रिपोर्ट के अनुसार, ये बीमारी कभी भी दस्तक दे सकती है। यह वायरस खुद को काफी तेजी से म्यूटेट कर रहा है, जिसकी वजह एक नए स्ट्रेन आने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक ब्रिटेन में इसकी वैक्सीन पर काम शुरू हो चुका है। वैज्ञानिकों ने इस डिसीज ङ्क से लडऩे के लिए 25 अलग–अलग तरह के वायरस की स्टडी की है। वैज्ञानिकों ने जानवरों में पाए जाने वाले उन वायरस की स्टडी पर फोकस किया है, जिनका इंसानों में फैलने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। जलवायु परिवर्तन की वजह से और जंगलों का सफाया होने की वजह से कई प्रकार के जानवर मानव आवासीय क्षेत्रों में रहने के लिए आ रहे हैं। इसकी वजह से बीमारी के फैलने का खतरा और भी बढ़ चुका है।

## गैस प्लांट में भीषण विस्फोट से 20 लोगों की मौत, 300 के अधिक घायल

**स्टेपानाकर्ट ,एजेंसी।** आर्मेनिया के नागोनी–करबाख की राजधानी स्टेपानाकर्ट के पास एक गैस स्टेशन पर विस्फोट में कम से कम 20 लोगों की मौत जबकि 300 से अधिक लोग घायल हो गए है। आर्मेनियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने आर्मेनप्रेस समाचार एजेंसी को बताया कि विशेषज्ञ स्टेपानाकर्ट के सहयोगियों के संपर्क में हैं और उन्हें सलाहकार सहायता प्रदान कर रहे हैं।

मंत्रालय के अनुसार हेलीकॉप्टर द्वारा घायलों को आर्मेनिया के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। अजरबैजानी राष्ट्रपति के प्रशासन ने कहा कि राजधानी बाकू से घायलों के लिए स्टेपानाकर्ट में बर्न रिलीफ किट, ड्रेसिंग, दस्ताने और दवाओं के साथ एक एम्बुलेंस सहायता प्रदान की गई। पृथक क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि क्षेत्र की राजधानी स्टेपानाकर्ट के बाहरी इलाके में स्थित गैस केंद्र पर सोमवार देर रात को हुए विस्फोट के बाद 13 शव मिले हैं और घायल 7 लोगों ने दम तोड़ दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि 290 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं विस्फोट के कारण कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

## ग्वाटेमाला में भारी बारिश से 32 की मौत

**ग्वाटेमाला सिटी, एजेंसी।** ग्वाटेमाला में चल रहे मानसून के दौरान भारी बारिश ने 32 लोगों की जान ले ली है और 16 अन्य लापता हो गए हैं। देश के आपदा राष्ट्रीय समन्वयक (कॉनरेड) ने ये जानकारी दी है। 30 स्कूलों, 242 सडक़ों और 31 पुलों को नुकसान पहुंचा है और लगभग 472 घरों के नष्ट होने का खतरा है।इस बीच, भारी बारिश के कारण 5,689 लोग बेघर हो गए, 10,303 लोगों को निकाला गया और 587 लोगों को आश्रय दिया गया।

## असम कांग्रेस के नेताओं ने एआईयूडीएफ के साथ गठबंधन नहीं करने पर राहुल गांधी को सराहा

**गुवाहाटी ,,एजेंसी ।** असम कांग्रेस के नेताओं ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के साथ कोई गठबंधन नहीं करने की घोषणा करने के लिए राहुल गांधी की सराहना की है।

असम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने कहा, एआईयूडीएफ ने भाजपा के साथ गुप्त गठबंधन किया है।

# बीबीएमबी निदेशक मंडल में मिले पूर्णकालिक सदस्य का दर्जाः सीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि पड़ोसी राज्यों के साथ हिमाचल के हितों से संबंधित विभिन्न मामलों को त्वरित सुलझाया जाए और आपदा से प्रभावित हिमाचल को शीघ्र विशेष राहत पैकेज उपलब्ध करवाया जाए। मुख्यमंत्री आज अमृतसर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस वर्ष भारी बारिश से राज्य में 12000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस अकल्पनीय आपदा में 441 से अधिक लोग काल का ग्रास बन गए और लगभग 13000 घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों के सहयोग से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रभावितों के लिए आपदा राहत कोष–2023 स्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी आपदा के समय देश के प्रत्येक राज्य को राहत राशि प्रदान करने में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हिमाचल को शीघ्र विशेष राहत पैकेज प्रदान किया जाए ताकि हिमाचल के पुनर्निर्माण में उचित सहायता प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर आपदा राहत कोष के प्रचलित मानदंड वर्तमान में हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य की पुनर्निर्माण प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं क्योंकि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति के मद्देनजर राज्य को अधिक सहायता राशि की आवश्यकता है। उन्होंने इन मानदंडों में व्यवहारिक संशोधन की मांग भी की। उन्होंने आपदा राहत कोष में सहायता के लिए हरियाणा एवं



राजस्थान सरकार का आभार भी व्यक्त किया। सीएम सुक्खू ने हिमाचल में स्थापित 100 मेगावाट की शानन जलविद्युत परियोजना को मार्च, 2024 में लीज की अवधि समाप्त होने पर हिमाचल को सौंपने में पंजाब सरकार से सहयोग मांगा। इस विषय में केन्द्र सरकार से भी आग्रह किया गया है।

सीएम सुक्खू ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में हिमाचल ने सदैव अपना पूर्ण योगदान दिया है और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से राज्य के लोगों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की परियोजनाओं में हिमाचल की 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी के दृष्टिगत प्रदेश को बीबीएमबी निदेशक मंडल में पूर्णकालिक सदस्य का दर्जा प्रदान किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने बीबीएमबी परियोजनाओं में हिमाचल के लिए 12 प्रतिशत निःशुल्क ऊर्जा रॉयल्टी प्रदान करने तथा राष्ट्रीय जल विद्युत निगम, राष्ट्रीय ताप ऊर्जा निगम और सतलुज जल विद्युत निगम जैसे केंद्रीय उपक्रमों की जल विद्युत परियोजनाओं में हिमाचल की वर्तमान 12 प्रतिशत रॉयल्टी को बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का आग्रह किया। उन्होंने हिमाचल को सवोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप बीबीएमबी से बकाया लगभग 4000 करोड़ रुपए अविलंब दिलवाने का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्थापित विभिन्न बांध प्रबंधनों द्वारा जल छोड़ने से पहले उचित पूर्व चेतावनी प्रणाली का उपयोग करने और जलप्लावन मान चित्रण (पदनदकंजपवद उंचचपदह) करवाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रदेश में हाल ही में आपदा के समय पौंग बांध, पंडोह डैम और पार्वती–3 बांध से अचानक भारी मात्रा में पानी छोड़ने से व्यापक स्तर पर तबाही हुई है। उन्होंने कहा कि इस नुकसान की भरपाई करना और पुनर्वास कार्यों में स्वेच्छा से सहभागिता सुनिश्चित बनाना इन बांध प्रबंधनों का नैतिक उत्तरदायित्व है।

सीएम सुक्खू ने बैठक में जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के साथ सीमा विवादों को शीघ्र सुलझाने की केंद्रीय गृह मंत्री से मांग की। उन्होंने कहा कि मोहाल ठेका धार पधरी में प्रदेश के जिला चम्बा और जम्मू–कश्मीर तथा सरचू में हिमाचल और लद्दाख के मध्य सीमा विवाद लंबित हैं। सुक्खू ने कहा कि परिषद की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर हिमाचल सरकार ने ठोस कार्य किया है। नशा रोकथाम अभियान, पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण और नदियों को प्रदूषण मुक्त करने जैसे क्षेत्रों में अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं।

मुख्यमंत्री ने आशा जताई कि परिषद की यह बैठक सदस्य राज्यों के आपसी तालमेल एवं सहयोग को और मजबूत कर आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, केंद्रशासित चंढीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित, दिल्ली के उप–राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रशासित जम्मू–कश्मीर के उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रशासित लद्दाख के उप–राज्यपाल बी.डी.मिश्रा सहित अन्य सदस्य राज्यों के वरिष्ठ मंत्री, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा सहित अन्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में उपस्थित थे।

### जयराम ठाकुर ने सरकार पर साधा निशाना, बोले

# प्रदेश सरकार की नीति से बर्बाद हो रहे उद्योग

**शिमला, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। न सरकार में ताल मेल है और न ही मंत्री और मुख्यमंत्री में। इसका ख़ामियाज़ा प्रदेश को उठाना पड़ रहा है। सरकार की नीतियों के चलते प्रदेश के उद्योग बर्बाद हो रहे हैं। नई उद्योग इकाइयां बंद होने की कगार पर हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार प्रदेश में चल रहे उद्योगों को दी गई रियायतें ख़त्म करके उद्योगों को प्रोत्साहित करना चाहती है, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। उद्योगों की बिजली शुल्क बढ़ाने समेत अन्य रियायतें ख़त्म करने से उद्योग प्रदेश से दूरी कर रहे हैं। ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश से उद्योग पूरी तरह किनारा कर लेंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य को आगे ले जाने में उद्योगों का बड़ा योगदान होता है परंतु इस सरकार में किसी प्रकार



की उद्योग पॉलिसी नहीं हैं। अगर सरकार इसी ढर्रे पर चलती रही तो वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश में नई इंडस्ट्री आनी तो दूर की बात है। जो हैं, वह भी चली जाएंगी। सुक्खू को सत्ता में आए दस महीनें का समय हो गया। इन दस महीनों में इस सरकार ने उद्योगों को चौपट करने के अलावा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस सरकार में माफिया को संरक्षण देकर उद्योगों और उद्योगपतियों को परेशान किया जा रहा है। दूसरी तरह सरकार द्वारा शुल्क बढ़ाकर उनकी कमर तोड़ी जा रही है। इसका असर आपदाग्रस्त प्रदेश में भी पड़ेगा। ज़रूरी चीजें भी महंगी हो जाएंगी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब तक उद्योगों के अनुकूल माहौल नहीं होगा, तब तक प्रदेश में उद्योग धंधे आने से रहे। स्थानीय स्तर पर भी युवा किसी प्रकार की उत्पादन इकाइयां स्थापित करने से भी पीछे हटेंगे। उन्होंने कि प्रदेश में उद्योगों को संरक्षण और प्रोत्साहन देने नीयत बनाए और स्पष्ट करे कि प्रदेश में उद्योगों को गति देने के लिए प्रदेश सरकार क्या नीति अपना रही है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देश भर में रोज़गार मेला के माध्यम से 51 हज़ार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया। उन्होंने सभी नवनियुक्त युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए आह्वाहन किया कि सभी युवा पूरी लगन और क्षमता से अपना काम करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन को आगे बढ़ाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश से किया हार वादा निभाया हैं। इस कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र पाने वाले हिमाचल प्रदेश के 110 युवा भी शामिल थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में भ्रष्टाचार ख़त्म हुआ है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। अपराधियों में किसी प्रकार का भय ही नहीं हैं। आए दिन प्रदेश में हत्या की वारदात सामने आती रहती है। ऊना में एक महिला की बर्बर तरीक़े से हत्या करके उसकी लाश फेंक दी गई। प्रदेश में इस तरह के हालात आज के पहले नहीं थे। क़ानून व्यवस्था किसी भी प्रकार से सरकार की प्राथमिकता नहीं हैं। देवभूमि में इस तरह के कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। सरकार क़ानून–व्यवस्था के मामले में सख़्त से सख़्त कदम उठाए।

### लखीमपुर खीरी हिंसा मामला

# केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को दिल्ली जाने की छूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे एवं लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील दे दी है। शीर्ष अदालत ने यह ढील उन्हें अपनी बीमार मां की देखभाल और अपनी बेटी का इलाज के लिए दिल्ली जाने और वहां रहने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

पीठ ने याचिकाकर्ता को अनुमति देने के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेंगे या विचाराधीन मामले के संबंध में मीडिया को संबोधित



नहीं कर सकेंगे। पीठ ने उन पर दिल्ली–एनसीआर में प्रवेश करने से रोक की पहले की शर्त हटा दी है। शीर्ष अदालत ने हालांकि यह भी कहा कि आरोपी के उत्तर प्रदेश में प्रवेश पर रोक अभी भी जारी रहेगी।यह मामला केंद्र के (निरस्त किए गए) कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में हिंसा भड़कने के बाद 3 अक्तूबर 2021 को चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत से संबंधित है।

## यूक्रेन की बड़ी कार्रवाई, रूस के टॉप कमांडर समेत 34 नेवी अफसर ढेर

**मोस्को ,एजेंसी।** यूक्रेन–रूस के बीच जंग भयानक स्तर पर पहुंच गई है। रूस जहां ताबड़तोड़ एयरस्ट्राइक कर रहा है, वहीं यूक्रेन भी डटकर मुकाबला कर रहा है। यूक्रेन के विशेष बलों ने सोमवार को दावा किया है कि रूस के सेवस्तोपोल बंदरगाह में काला सागर बेड़े के कमांडर और रूस के सबसे वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों में से एक एडमिरल विक्टर सोकोलोव को मार गिराया है और शीर्ष नेवी कमांडर समेत 34 अधिकारियों को भी मौत के घाट उतार दिया है। यूक्रेन का दावा है कि क्रीमिया में काला सागर बेड़े के मुख्यालय पर मिसाइल हमले में ये कार्रवाई की गई है।

रॉयटर्स ने जब रूसी रक्षा मंत्रालय से इस बात की पुष्टि या खंडन करने के लिए कहा कि क्या काला सागर बेड़े के शीर्ष कमांडर और रूस के नौसेना अधिकारी मारे गए हैं, तो मॉस्को ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रूस इसे न तो स्वीकार कर पा रहा है और न ही इससे इनकार कर रहा है। यूक्रेन ने हाल के दिनों में क्रीमिया पर एयरस्ट्राइक तेज कर दी है। यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र और सामरिक नजरिए से अहम प्वाइंट है, जहाँ से रूस ने 19 महीने लंबे युद्ध में यूक्रेन पर कई हवाई हमले किए हैं। अगर रूसी नेवी कमांडर की मौत की पुष्टि होती है, तो सोकोलोव की हत्या क्रीमिया पर कीव के सबसे घातक हमलों में से एक होगी। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से छीनकर उस पर कब्जा कर लिया था।

यूक्रेन के विशेष बलों ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा, काला सागर में रूसी बेड़े के मुख्यालय पर हमले के बाद, बेड़े के कमांडर सहित 34 नेवी अफसरों को मार गिराया गया है, जबकि अन्य 105 कब्जेधारी घायल हो गए हैं। हमले में क्षतिग्रस्त नेवी के मुख्यालय भवन का जीर्णोद्धार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि यूक्रेन के विशेष बलों ने हमले में मृतकों और घायलों की गिनती कैसे कर ली। रॉयटर्स की रिपोर्ट में इसकी पुष्टि नहीं की गई है। युद्ध के दौरान अक्सर एक पक्ष दुश्मन के नुकसान को बढ़ा–चढ़ाकर बताते हैं और अपने नुकसान के बारे में बहुत कम बात करते हैं।

## बिहार में बंद घर से नाबालिग लडक़ी का शव बरामद, ऑनर किलिंग की आशंका

**दरभंगा ,एजेंसी ।** बिहार के दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक बंद घर से करीब 16 साल की एक नाबालिग लडक़ी का शव बरामद किया है। लडक़ी की हत्या गला रेतकर की गई है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे ऑनर किलिंग से जोडक़र देख रही है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामला आजमनगर स्थित लुच्चीबाड़ा मुहल्ले की है जहां आरोप है कि घर वालों ने सोमवार की देर शाम एक नाबालिग लडक़ी की गला रेतकर हत्या कर दी और अंधेरा होने के बाद घर के सभी लोग फरार हो गए। मोहल्लेवासियों ने शक होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बीती रात आकर दरवाजा तोडक़र शव बरामद किया।बताया जाता है कि रात जब सूरज महतो के घर के सदस्य अचानक कहीं जाने लगे तब मोहल्ले वालों को शक हुआ। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घर का दरवाजा तोडक़र अंदर पहुंची तो सूरज महतो की 16 वर्षीय पुत्री का शव दिखा।

# जम्मू–कश्मीर के बारामूला में दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, एक दहशतगर्द समेत 8 गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षाबलों ने जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में दो बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके एक आतंकवादी और दो महिलाओं समेत आठ सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। मॉड्यूल नियंत्रण रेखा के पार से तस्करी कर लाए गए हथियारों को लश्कर–ए–तैयबा के आतंकवादियों को आपूर्ति करने में शामिल था। उन्होंने कहा कि जिले में हाल के दिनों में इन दो मॉड्यूल के भंडाफोड़ से बलों को बड़े आतंकवादी हमलों को नाकाम करने में मदद मिली है।

एसएसपी बारामूला ने कहा कि पहले मॉड्यूल का भंडाफोड़ 14 सितंबर को किया गया था, जिसमें पुंछ जम्मू के एक निवासी सहित तीन आतंकवादी सहयोगियों की गिरफ्तारी हुई थी। नागपुरे ने कहा कि बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमोद नागपुरे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना की आठवीं राष्ट्रीय राइफल्स की संयुक्त टीम ने परनपीलन



ब्रिज उरी में नाका चेकिंग के दौरान भागने की कोशिश कर रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। तलाशी में उनके पास से दो पिस्तौल, चार मैगजीन, दो साइलेंसर, पांच चीन निर्मित ग्रेनेड और 29 गोलियां बरामद की गयी। इन दोनों का तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

श्री नगपुरे ने कहा कि दोनों की पहचान बारामूला निवासी जैद हसन मल्ला और मोहम्मद आरिफ चन्ना के रूप में की हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने सहयोगी का नाम सुरनकोट पुंछ अहमद लोहार बताया, जिसे भी तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि लश्कर–ए–तैयबा का यह नेटवर्क पुंछ तक फैला हुआ है। अन्य लोगों की पहचान की जा रही है तथा हथियारों की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों का पता लगाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एक अन्य मॉड्यूल का भंडाफोड़ तब हुआ जब पुलिस को विश्वसनीय स्रोतों के माध्यम से 21 सितंबर को पता चला कि जांबाज़पोरा बारामूला का यासीन अहमद शाह अपने घर से लापता है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर/टीआरएफ में शामिल हो गया है। मानव/तकनीकी खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस, सेना और सीएपीएफ की एक संयुक्त टीम ने टप्पर पट्टन में जांच के दौरान 22 सितंबर को उसे पकड़ लिया। उसके पास से एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन और आठ कारतूस सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया।

पूछताछ में उसने अपने सहयोगी का नाम तकिया वागुरा के परवेज़ अहमद शाह के रूप में बताया। जिसके बाद संयुक्त दलों ने उसके आवास पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा विजिपोरा हाजिन बांदीपोरा की दो महिलाओं निगीना और पटपोरा शाल्टेंग श्रीनगर की आफरीना उर्फ आयत सहित चार आतंकवादी सहयोगियों के नाम सामने आए और उन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि जांच से पता चला है कि यह आतंकवादी अपने पांच सहयोगियों के साथ पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था तथा और अधिक आतंकवादियों को भर्ती करने के साथ ही बारामूला और आसपास के इलाकों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

# झारखंड में एक बार फिर रेलवे की कंस्ट्रक्शन साइट पर नक्सलियों का हमला, तीन गाडियां और जनरेटर फूंके

**रांची ,एजेंसी ।** रांची जिले के मैक्लुस्कीगंज में रेलवे की एक कंस्ट्रक्शन साइट पर बीती रात नक्सलियों ने हमला किया। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे तीन वाहनों और एक जेनरेटर को आग के हवाले कर दिया।

नक्सलियों ने कई राउंड हवाई फायरिंग भी की। बताया गया कि सोमवार देर शाम करीब एक दर्जन हथियारबंद अपराधी रांची से 70 किमी दूर मैक्लुस्कीगंज में चट्टी नदी के पास रेलवे द्वारा कराए जा रहे पुल निर्माण की साइट पर पहुंचे और हवाई फायरिंग करन लगे। इससे भयभीत वहां मौजूद मजदूर और अन्य कर्मी भाग खड़े हुए।

इसके बाद नक्सलियों ने एक डंपर, एक पोकलेन मशीन, एक एसयूवी और जेनरेटर में आग लगा दी। निर्माण कार्य करा रही एजेंसी को भारी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चतरा के टंडवा स्थित एनटीपीसी के सुपर थर्मल पावर स्टेशन में कोयले की आपूर्ति की सुविधा बढ़ाने और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन फीडर लाइन तैयार करने के लिए पतरातू से सोननगर के बीच थर्ड रेल लाइन का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य का ठेका केईसी इंटरनेशनल कंपनी का है।

बताया जा रहा है कि हमलों के पीछ नक्सलियों का मकसद निर्माण कार्य कर रही कंपनी से लेवी (रंगदारी) वसूल करना है। इस महीने के भीतर झारखंड में रेलवे की साइट पर यह दूसरा हमला है। इसके पहले 1 सितंबर को सिमडेगा जिले में कनरवा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे की कंस्ट्रक्शन साइट पर प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई ने हमला कर एक पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दिया था।

गत 23 अगस्त को पलामू में भी नक्सलियों ने एक रोड कन्स्ट्रक्शन साइट पर हमला कर आठ गाड़ियों को फूंक डाला था। इसी तरह मई महीने में चतरा के टंडवा थाना क्षेत्र शिवपुर–कठौतिया रेलवे लाइन में भी कन्स्ट्रक्शन साइट पर हमला कर एक पोकलेन मशीन में आग लगा दी गई थी।

पूर्व में रेलवे रेलवे विकास निगम लिमिटेड रांची ने हमलों की लगातार हो रही घटनाओं पर राज्य सरकार के गृह विभाग को हाल में पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। पत्र में ऐसी कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा गया था कि इस वजह से रेलवे की कई परियोजनाएं बाधित हो रही हैं।

## महिला ने कोयंबटूर पुलिस पर बेटे को अवैध हिरासत में रखने, प्रताड़ित करने का आरोप लगाया

**चेन्नई ,,एजेंसी ।** एक महिला ने कोयंबटूर शहर के पुलिस आयुक्त के पास शिकायत दर्ज कराई है कि उसके छोटे बेटे को अवैध पुलिस हिरासत के दौरान इस तरह प्रताड़ित किया गया कि उसकी किडनी खराब हो गई। कोयंबटूर की धनलक्ष्मी ने कोयंबटूर शहर के पुलिस आयुक्त के पास शिकायत दर्ज कराई कि उनके बेटे जो आर. जयकुमार (22) को पुलिस ने प्रताड़ित किया है। उसने कहा कि पुलिस प्रताडऩा के बाद युवक को किडनी की बीमारी हो गई और उसे डायलिसिस कराना पड़ा।

## दिल्ली में चोरी की बड़ी वारदात, शोरूम से 25 करोड़ की ज्वेलरी ले उड़े चोर, छत के रास्ते घुसे थे अंदर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। यहां चोरों ने जंगपुर में ज्वेलर्स शोरूम में रखी करीब 25 करोड़ रुपए की ज्वेलरी पर हाथ साफ किया है। बताया जा रहा है कि चोर शोरूम की चौथी मंजिल से छत का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। इसके बाद उन्होंने स्ट्रांग रूम की दीवार में छेद किया और सीसीटीवी के कनेक्शन काट दिए।

शोरूम मालिक के मुताबिक दुकान में 20 से 25 करोड़ रुपए की ज्वेलरी रखी हुई थी। पुलिस को दी शिकायत में शोरूम मालिक उमराव सिंह और महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि जंगपुरा मार्केट सोमवार को बंद रहती है। रविवार को शोरूम बंद करने के बाद मंगलवार को जब वह दुकान में पहुंचे तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए।

शोरूम मालिक ने बताया कि दुकान में रखी पूरी ज्वेलरी गायब थी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की माध्यम से चोरों की जानकारी जुटाने में जुट गई है।

# मध्य प्रदेश के किसान की बेटी नेहा ठाकुर ने नौकायन में रजत पदक जीता

हांगझोउ ,मध्य प्रदेश की 17 वर्षीय नेहा ठाकुर ने मंगलवार को यहां निंगबो के एनबीएक्स सेलिंग सेंटर में गर्ल्स डिंगी – आईएलसीए4 में रजत पदक के साथ एशियाई खेलों की नौकायन प्रतियोगिता में भारत का खाता खोला।

12वीं पास छात्रा नेहा, जिसने बहुत कम उम्र में नेशनल सेलिंग स्कूल भोपाल, मध्य प्रदेश से नौकायन शुरू किया था, इस श्रेणी में 11 दौड़ के बाद थाईलैंड की नोपासोर्न खुनबूनजान के बाद दूसरे स्थान पर रही।

10वीं रेस के अंत में, नेहा का नेट स्कोर (पेनल्टी पॉइंट) 23 था, जबकि थाई नाविक का नेट स्कोर 14 था। कोरिया गणराज्य की जेकयॉन्ग सियोल का नेट स्कोर 27 था और वह तीसरे स्थान पर रही ।

मंगलवार को 11वीं रेस में नेहा चौथे स्थान पर रहीं और 4 रेस पॉइंट हासिल किए, जबकि थाई खिलाड़ी सिंगापुर की केइरा मैरी कार्लाइल के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। कोरिया की सियोल 11वीं रेस में तीसरे स्थान पर रहीं लेकिन उनकी बढ़त नेहा को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं थी।

मध्य प्रदेश के देवास जिले के अमलताज गांव में जन्मी नेहा एक मध्यम वर्गीय परिवार से आती हैं। उनके पिता मुकेश कुमार ठाकुर एक किसान हैं जबकि उनकी मां रीना ठाकुर एक गृहिणी हैं। पिछले साल, नेहा ने अबु धाबी में एशियाई सेलिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक



जीता और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

नेहा ने बहुत कम उम्र में नौकायन करना शुरू कर दिया था और उन्हें नेशनल सेलिंग स्कूल भोपाल द्वारा पहचाना और तैयार किया गया था।

भारतीय नौकायन महासंघ के महासचिव कैप्टन जितेंद्र दीक्षित ने कहा, उन्होंने शानदार नौकायन किया और एशियाई खेलों में देश के लिए अपना पहला पदक जीता।

उन्होंने कहा कि नेहा ने कुछ साल पहले वाईएआई का ध्यान तब खींचा था जब उन्होंने राष्ट्रीय सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा, हमने उसे वहां से उठाया और उसे आगे का प्रशिक्षण दिया। वह यूरोप में प्रशिक्षण ले रही है और विदेशों में नौकायन कार्यक्रमों में भाग ले रही है, लेकिन यह इस तरह का उसका पहला पदक है।

वाईएआई को हांगझोउ एशियाई खेलों की प्रतियोगिताओं से काफी उम्मीदें हैं और बुधवार को प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन कम से कम तीन और पदक की उम्मीद है।

## 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम शूटिंग में रमित और दिव्यांश सिंह ब्रॉन्ज से चूके

हांगझोऊ,भारत की रमिता थापर और दिव्यांश पंवार को एशियाई खेलों की शूटिंग प्रतियोगिताओं में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में कोरिया गणराज्य से हार का सामना करना पड़ा।रमिता जिंदल और दिव्यांश पंवार 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा (शूटिंग) में कांस्य पदक से चूक गए। भारतीय जोड़ी शुरुआत में 8–0 से आगे थी लेकिन रोमांचक शूट–ऑफ में 18–20 से हार गई।19 वर्षीय रमिता ने अपने दूसरे वरिष्ठ स्तर के कार्यक्रम में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया और सभी 10+ अंक प्राप्त किए लेकिन दिव्यांश के दो खराब शॉट– 9.9 और 9.8 ने उनकी संभावनाओं पर पानी फेर दिया और ये जोड़ी एशियाई खेलों की शूटिंग प्रतियोगिताओं में भारत के लिए एक और पदक जीतने से चूक गई।मौजूदा एशियन गेम्स में रमिता पहले ही दो पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम प्रतियोगिता में एक रजत और 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य जीता है।

# भारतीय हॉकी टीम ने सिंगापुर को 16—1 से रौंदा, तलवारबाजी में भवानी देवी से पदक की उम्मीद



हांगझोऊ ,एशियन गेम्स में भारतीय टीम के अभियान का आज तीसरा दिन हैं। मंगलवार सुबह भारत ने हॉकी में सिंगापुर को 16–1 से हराया। एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। रविवार को अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान के खिलाफ 16–0 से शानदार जीत दर्ज करने के बाद अब सिंगापुर के खिलाफ भी भारत ने 16 गोल दागे जबकि विपक्षी टीम एक ही गोल कर सकी। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 4 गोल किये। मंदीप सिंह ने भी हैट्रिक जमाई।अब भारत मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन जापान से भिड़ेगा। विश्व में तीसरे स्थान पर काबिज भारतीय हॉकी टीम ने अपने शुरुआती मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। अब, यह देखना बेहद दिलचस्प होने वाला है कि क्या भारत अपना जापान के सामने भी अपना दबदबा कायम रखने में सफल होगा या नहीं।

# तलवारबाजी में क्वार्टर फाइनल की हार के साथ भवानी देवी का सफर खत्म



हांगझोऊ , भारतीय तलवारबाज सीए भवानी देवी का एशियाई खेलों में अजेय क्रम मंगलवार को महिलाओं की व्यक्तिगत साबरे स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में चीन के खिलाफ हार के साथ समाप्त हो गया।

भारतीय तलवारबाज मौजूदा एशियाई रजत पदक विजेता दुनिया की 11वें नंबर के खिलाड़ी शाओ याकी से 7–15 से हार गईं।

भवानी देवी ने छह मैचों की जीत के दम पर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

भवानी देवी ने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर की जूलियट जी मिन हेंग के खिलाफ 5–2 से जीत हासिल करके की। इसके बाद उन्होंने सऊदी अरब की अलहस्ना अलहम्मद के खिलाफ 5–1 के स्कोर से जीत हासिल की। फिर, भारत की एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता भवानी देवी ने कजाकिस्तान की करीना दोस्पायोफ के खिलाफ 5–3 से जीत हासिल की। अपने पिछले दो पूल मैचों में उन्होंने उज्बेकिस्तान की ज़ैनब डेइबेकोवा और बांग्लादेश की रोकसाना खातून को 5–1 के स्कोर से आसानी से हराया। क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी से हारने से पहले 30 वर्षीय भारतीय ने 16वें राउंड में फोकेव टोनखाव को 15–9 से हराया।

## भाई को लग गई थी पबजी की लत, बहन ने दिलाई राइफल, भाई जीत लाया देश के लिए गोल्ड मेडल

हांग्झोऊ, भारत ने यहां 19वें एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, दिव्यांश सिंह पंवार और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ गौरव हासिल किया। भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, जिन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था, ने 632.5 अंक हासिल किए, पंवार ने 629.6 अंक का योगदान दिया और तोमर ने स्कोर में 631.6 अंक जोड़कर टीम प्रतियोगिता में कुल 1893.7 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। गोल्ड मेडल जीतने वाली शूटर्स की इस टीम के सदस्य दिव्यांश जयपुर के रहने वाले हैं। दिव्यांश के पिता अशोक पंवार जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ के तौर पर काम करते हैं। मां निर्मला देवी भी नर्स हैं। दिव्यांश के पिता अशोक पंवार ने बताया– कुछ साल पहले दिव्यांश को ऑनलाइन गेम पबजी खेलने की लत लग गई थी।

# इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक ने जेसन रॉय से की खास अपील

नई दिल्ली , इंग्लिश टीम के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक ने जेसन रॉय को आईसीसी पुरुष विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बावजूद पॉजिटिव दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया है। इंग्लैंड की वर्ल्ड कप प्रारंभिक टीम में जेसन रॉय को शुरुआती 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, अंतिम दिनों में उन्हें वर्ल्ड कप टीम से बाहर कर दिया गया और हैरी ब्रुक को उनकी जगह मिली है। बीते कुछ समय से रॉय पीठ की इंजरी से परेशान हैं। इसलिए, उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की चार मैचों की वनडे सीरीज से भी बाहर रखा गया था। यही कारण है कि चयनकर्ताओं ने ब्रूक को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना।स्काई स्पोर्ट्स ने ट्रेस्कोथिक के हवाले से कहा, मैंने जेसन से बात नहीं की है, वह निश्चित रूप से निराश हैं लेकिन आपको पॉजिटिव रहना होगा कि वह अभी भी खेल पर प्रभाव डाल सकते हैं। विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद रॉय ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर अस्वीकार कर लिया। यह एक



ऐसा फैसला था, जो राष्ट्रीय टीम के साथ उनके भविष्य के बारे में चिंताएं बढ़ा सकती हैं। रॉय ने इस साल वनडे में शानदार प्रदर्शन किया है और छह मैचों में 46.33 की औसत और 100 के करीब स्ट्राइक रेट बनाए रखा है। उन्होंने अपने घरेलू देश में आयोजित 2019 विश्व कप में इंग्लैंड की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें 63.28 की औसत और 115.36 की स्ट्राइक रेट से शानदार 443 रन बनाए, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल थे। वहीं, दूसरी तरफ ब्रुक हैं जिन्हें 50 ओवर के प्रारूप में संघर्ष करना पड़ा है। छह मैचों में उनका औसत महज 20.50 रहा है, जिसमें हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ निराशाजनक श्रृंखला भी शामिल है। वर्ल्ड कप 2023 के ओपनिंग मैच में 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टक्कर होगी।

## फिल्मी दुनियां

# अमिका शैल अमेजोन की बिल्डर्स वेब सीरीज में दर्शकों को मोहित करेंगी

अभिनेत्री अमिका शैल एक बार फिर अपनी नई हास्यपूर्ण भूमिका में दर्शकों को मोहित करने के लिए तैयार हैं, वह आने वाले अमेजन् वेब सीरीज़ बिल्डर्स में नई भूमिका निभाएंगी। इस बेहद प्रत्याशित कॉमेडी–ड्रामा का निर्माण आनंदेश्वर द्विवेदी, प्रशांत कुमार, और विकास शर्मा द्वारा किया गया है, और इसका निर्देशन ललितम आनंद ने किया है।

बिल्डर्स एक भारतीय शहर में एक सामान्य संघर्ष कर रहे जिम की कहानी है, जो नई सदस्यता सुनिश्चित करने की दुर्भाग्यपूर्ण चुनौती का सामना कर रहा है। स्वास्थ्य से लेकर मनोरंजन तक, जिम ब्रदर्स की सहयोग से हँसी तक, बिल्डर्स एक अनूठी यात्रा का वादा करता है। इस सीरीज़ का निर्माण द वायरल फीवर की एक इकाई द्वारा किया गया है, जिसे द स्क्रीन पटी के नाम से भी जाना जाता है।

अमीका शैल, जो अपनी विविधता और करिश्माई व्यक्तित्व के लिए प्रसिद्ध हैं, बिल्डर्स के कलाकारों के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका



निभाती हैं, जिसमें अंकित मोटघरे, स्वप्नील कोकम, अनुषा मिश्रा, विधुषी कौल, और अवतार गिल शामिल हैं। उनका जुड़ाव इस श्रृंखला को एक अद्वितीय और आनंददायक आयाम देने की उम्मीद है।

अपनी उत्साह साझा करते हुए, अमिका ने कहा, बिल्डर्स पर काम करना पूरी तरह से मजेदार रहा है। स्क्रिप्ट में हास्य और दिल से भरपूर है, पूरी टीम में सभी बहुत ही प्रतिभाशाली हैं और सवोत्तम शो बनाने के बारे में उत्सुक हैं। मुझे यकीन है कि दर्शक पात्रों और उनकी हास्यपूर्ण गुप्तचरों से जुड़ेंगे, जिससे यह श्रृंखला देखने योग्य हो जाएगी। मैं दर्शकों का इसके प्रति लगाव देखने के लिए उत्सुक हूं। अमीका शैल सीरीज़ में एक फिटनेस उत्साही किरदार निभाएंगी, और उनका किरदार सीरीज़ में एक फिट मॉडल के प्रति प्यार में पड़ जाता है।

मेरे सभी प्रशंसक जानते हैं कि मैं असल जीवन में एक फिटनेस उत्साही हूं। स्क्रीन पर भी अपने आप का एक हिस्सा बनाना खुशी थी। यह किरदार किसी भी तरह से साधारण नहीं है, और यही वजह है कि मुझे इस प्रोजेक्ट की ओर खींच लिया। यह एक मजेदार भावनाओं का रोलरकोस्टर है और दोस्ती, प्यार, और अपने सपनों का पालन करने के महत्व के बारे में है।

## रिवीलिंग क्रॉप टॉप पहन नेहा मलिक ने चमकाया हुस्न

भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस भरी अदाओं से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर लोग उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल मचल दिया है। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने ड्रेसिंग सेंस के कारण फैंस के बच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर तबाही मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री नेहा मलिक का खूबसूरत और किलर अवतार देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं।

# बॉलीवुड मेरी जिंदगी में अहम भूमिका निभाता है : विभव रॉय

पद्मावत, लष्टम पश्तम और रेड्रम– ए टेल ऑफ मर्डर जैसी बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग के लिए पहचान बनाने वाले एक्टर विभव रॉय खुद को बॉलीवुड प्रेमी कहते हैं।एक्टर ने कहा, बॉलीवुड मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मैं बॉलीवुड का बहुत बड़ा फैन हूं। यह कोई नया प्यार नहीं है लेकिन तब से मैंने जीवन में चीजों को समझना शुरू कर दिया है।विभव ने कहा, उदाहरण के लिए, जब भी मेरे जीवन में कोई घटना घटती है, तो मेरे दिमाग में एक बॉलीवुड संदर्भ होता है और इसे किसी न किसी बॉलीवुड सीन से जोड़ दिया जाता है। जब मैं अपने दोस्तों के आसपास होता हूं, तो मुझे इसे साझा करने में मजा आता



है, अन्यथा मैं इसे अपने दिमाग में, अपने तक ही सीमित रखता हूं।गुस्ताख दिल, कुछ तो है तेरे मेरे दरमियां, मेरी सास भूत है जैसे कई टीवी धारावाहिकों में हीरो की भूमिका निभा चुके अभिनेता को लगता है कि बॉलीवुड एक कला के मूल्य को समझता है और एक कलाकार को उचित श्रेय देता है।विभव ने कहा, हमारे पास पोस्टर से लेकर फोटो कार्ड, बुकलेट और हैंड–पेंटिंग होर्डिंग तक भारतीय सिनेमा कला के उल्लेखनीय उदाहरण हैं।

# एनिमल से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी, सादगी के कायल हुए फैंस



साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना जल्द ही एक और बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी. रश्मिका इस बार बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं. एक्ट्रेस अपकमिंग फिल्म एनिमल की लीड हीरोइन हैं.फिल्म में वो गीतांजलि का किरदार निभाती नजर आएंगी. आज एनिमल से से रश्मिका का फर्स्ट लुक जारी हो गया है. एक्ट्रेस सिल्क साड़ी पहने काफी संस्कारी अवतार में नजर आ रही हैं. रश्मिका के इस लुक को देख फैंस भी इम्प्रेस हो गए हैं.

बीते कुछ दिनों से मेकर्स एनिमल के पोस्टर जारी कर रहे हैं. पहले रणबीर कपूर के लुक सामने आए थे. इसके बाद दिग्गज एक्टर अनिल कपूर का फर्स्ट लुक देखने को मिला था. अनिल कपूर के बाद अब अब फिल्म से रश्मिका का लुक रिवील किया गया है. एक्ट्रेस काफी ट्रेडिशनल दिख रही हैं. मैरुन सिल्क साड़ी में नजरें झुकाएं एकदम भारतीय नारी लुक में रश्मिका की खूबसूरती साफ झलक रही है. फैंस भी रणबीर कपूर के साथ रश्मिका की जोड़ी को देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं.

# प्रभास और नयनतारा 16 साल बाद फिर आए साथ, मांचू विष्णु की कन्नप्पा का बनें हिस्सा

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लेडी सुपरस्टार कही जाने वाली अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी फिल्म जवान को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं।फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से ही राज कर रही है तो दुनियाभर में इसका डंका बज रहा है।अब खबर आ रही है कि नयनतारा 16 साल बाद प्रभास के साथ फिल्मी पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।कहा जा रहा है कि दोनों सितारे मांचू विष्णु की फिल्म कन्नप्पा का हिस्सा बनेंगे।

बीते दिनों आई रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभास विष्णु की फिल्म कन्नप्पा में अहम भूमिका निभाने वाले हैं।विष्णु ने एक्स (पहले ट्विटर) पर प्रभास के उनके साथ काम करने वाली खबर को साझा करते हुए इस ओर इशारा किया था।अब कहा जा रहा है कि फिल्म में प्रभास के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए



नयनतारा से संपर्क किया गया है। ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के अनुसार, अभी अभिनेत्री ने इस प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

प्रभास के साथ पहले इस फिल्म में नुपुर सैनन नजर आने वाली थीं, लेकिन अब शुक्रवार को विष्णु ने घोषणा की कि शेड्यूल संबंधी दिक्कतों के कारण नुपुर ने फिल्म से किनारा कर लिया है।विष्णु ने कहा था कि अब उनकी टीम नई अभिनेत्री की तलाश में जुटी हुई है।अब नयनतारा के नाम को लेकर चर्चा जोरों पर हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में प्रभास भगवान शिव और नयनतारा देवी पार्वती के किरदार में नजर आएंगी।

प्रभास कन्नप्पा में भगवान शिव से फिल्म आदिपुरुष में भगवान राम का किरदार निभा चुके हैं, जिसके लिए उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा वह फिल्म कल्कि 2898 एडी में भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित किरदार निभाने वाले हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com